

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 42 ■ अंक-001 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 31 मार्च 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## शब्दों की मर्यादा

**स्थापना दिवस**

**प्रकाश शर्मा**

भगवान श्रीरामचंद्र जी का देश भारत सारी मर्यादाओं, संकोच को त्यागकर व लक्ष्मण रेखा को लांघकर शब्दों के उपयोग के शर्मनाक काल खंड से गुजर रहा है। खासतौर पर राजनीति के अखाड़े के 'मल्ल' आरोप-प्रत्यारोप व बयानों में गाली-गलौज जैसी भाषाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। महान श्रीकृष्ण भक्त कबीर दास ने दोहे के जरिए एक बड़ा 'वाणी मंत्र' दिया है। उन्होंने लिखा है कि ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल लगे आपहुं शीतल होए।' बड़े बजुर्ग भी कहते रहे हैं कि 'तोल-मोल के बोलना चाहिए।' कहते हैं न कमान से निकले तीर को तो वापस लाया जा सकता है किंतु मुंह से छूटे शब्द को वापस लाना संभव नहीं है। शब्दों का घाव इतना गहरा होता है कि यह दीर्घकाल में नासूर बन जाता है। जो अप्रिय घटना को भी जन्म दे देता है। शब्दों के तीर शरीर को नहीं आत्मा को घायल करते हैं। राजनीति में उच्च शिक्षित कई नेता हैं। किंतु उन्हें शब्द की महत्ता का ज्ञान नहीं है। राजनीति को गंदी बनाने में आपत्तिजनक शब्दों के असीमित प्रयोग की भी बड़ी भूमिका है। शब्दों की राजनीति में इतनी गिरावट पहले कभी नहीं आई। सच तो यह है कि राजनीति पवित्र काम है। इसमें देश व जनसेवा की भावना है। ऐसी राजनीति को मुंह की आग में झोंक दिया गया है। भारत सनातन राष्ट्र है। हिंदू संस्कृति व संस्कार दुनिया में श्रेष्ठ है। त्रेता युग की बात करते हैं उस युग में भी राजनीति थी। चौदह वर्ष के वनवास के आदेश के बाद भी श्री राम शांत व सौम्य बने रहे। अपने पुत्र भरत को राजा बनाने की चाल में माता कैकेयी ने प्रभु राम के खिलाफ राजनीति ही तो की थी। राम ने विरोध या प्रतिउत्तर में एक भी शब्द कहे बिना वनवास स्वीकार कर लिया था। आज गद्दी के लिए क्या हो रहा है। एक-दूसरे को नीचा दिखाने असंसदीय भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। नाली के कीड़े, नर्तकी, सांप, बिच्छू, मेंढक, दलाल कहने से क्या इस देश की छबि दुनियाभर में अच्छी बनेगी? हम अपने ही देश के मुखिया पर देश-विदेश जाकर कीचड़ उछाल रहे हैं। वनवास काल में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का सामना न जाने कितने ही विरोधियों व राक्षस-राक्षसियों से हुआ। प्रभु ने कभी भी अपनी वाणी को अपवित्र नहीं होने दिया। और तो और माता सीता का हरण करने वाले लंकापति रावण जब मृत्यु शैया पर थे तब राम ने ज्ञान हासिल करने अपने अनुज लक्ष्मण को रावण के चरणों पास भेजा था। पूरे युद्ध में भगवान राम ने वाणी से भी शालीनता का परिचय दिया था। आज राम नवमी है। हिन्दू पंचांग के अनुसार आज ही के दिन सांध्य दैनिक 'तरुण छत्तीसगढ़' का आम आदमी का अपना अखबार ध्येय वाक्य के साथ जन्म हुआ था। इस 41 वर्ष के सफर में तरुण छत्तीसगढ़ ने अकल्पनीय व अविश्वसनीय झंझावत झेले हैं। सच कहें तो दाने-दाने को मोहताज हो गए थे। तब सरकार से हमारे हक का भी सहयोग शून्य ही था। प्रधान संपादक कौशल किशोर मिश्र के माथे पर हर वक्त चिंता की लकीरें खींची होती थी। उनमें हौसला तो था पर धन की शक्ति नही थी। वे केवल और केवल सरस्वती पुत्र ही बने रहे। एक ओर तो किसी से मांगना अच्छा नहीं लगता था वहीं दूसरी ओर स्टाफ के 25-30 लोगों के उदर को भी चलाना था। तिस पर कागज और स्याही वालों का तकादा। बिजली बिल, टेलीफोन बिल और मकान किराया सो अलग। इन तमाम कष्टों के बाद भी तरुण छत्तीसगढ़ ने अपने चरित्र पर दाग नहीं लगने दिया। अर्थाभाव में अखबार के मालिक की मानसिक स्थिति का अंदाजा लगाया सकता है। तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी सुविधाएं जुटाने न तो प्रबंधन ने कभी किसी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया और न ही तरुण छत्तीसगढ़ के पन्नों में आपत्तिजनक भाषा को हथियार बनाया गया। तरुण छत्तीसगढ़ ने शब्दों की मर्यादा का पूरा ध्यान रखा। हमने जहर बुझे तीर तो नहीं चलाए किंतु शब्दों के बाण कई अवसरों पर चलाए। ये बाण उन पर ही चलाए गए जो उसके लायक थे। दुर्भावनावश या बदले की भावना से अखबार के पेज को आपत्तिजनक शब्दों या भाषा से कभी काला-पीला नहीं किया। आज तो नेता एक-दूसरे को शब्दों से नंगा कर रहे हैं। शब्दों को धन अर्जित करने का हथियार कभी नहीं बनाया। शब्दों को साहित्य व खबरों के श्रृंगार के रूप में उपयोग किया। शब्दों को झूठ भ्रष्टाचार व बेईमानी के खिलाफ अस्त्र-शस्त्र के रूप में उपयोग किया। यह दुर्भाग्यजनक है कि आरोप-प्रत्यारोप लगाते समय यह भी नहीं सोच रहे हैं कि नई पीढ़ी को राजनीति का कौन सा संस्कार दे रहे हैं। राजनीति का ककहरा अश्लीलता से सिखाया जा रहा है। याद कीजिए द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण को शिशुपाल लगातार गालियां देते रहे। कृष्ण ने कभी संयम नहीं खोया। शिशुपाल को कभी भी अपशब्द नहीं कहे। बल्कि भगवान ने उसकी सौ गलतियां माफ करने का वचन दिया था। श्रीकृष्ण ने अपने शत्रु कंस के खिलाफ भी कभी अमर्यादित टिप्पणी नहीं की। जबकि कृष्ण को राजनीति का सबसे बड़ा खिलाड़ी माना जाता है। हम राम-कृष्ण के देश जम्बूद्वीप (भारत) में रहते हैं। न जाने इस बात को क्यों भूल जाते हैं। यदि कलयुग का यही चरित्र है तो हमें अपने उच्च चरित्र से कलयुग के चरित्र को बदल देना चाहिए। कलयुग की उम्र अभी बहुत बाकी है। यदि हम खुद को नहीं बदले तो अपशब्द आम जनजीवन की भाषा बन जाएगी। क्या यह उचित होगा? तरुण छत्तीसगढ़ ने दशरथ नंदन श्रीराम के आदर्शों पर चलने का प्रयास जारी रखा है तभी तो संकटों के बाद भी अखबार का प्रकाशन बेदाग अनवरत जारी है।

याद रखें जब-जब शब्दों की मर्यादा टूटी है तब-तब इतिहास में तलवारें खिंची है। चाहे रामायणकाल में कैकेयी के वचन हो या महाभारत काल में द्रोपदी की हंसी। द्रोपदी के शब्द अंधे पिता का पुत्र अंधा ही होगा ने महाभारत के युद्ध को जन्म दे दिया था। शब्द और रिश्ते की कीमत तभी पता चलती है जब दोनों निकल जाए। एक मुख से और दूसरा जीवन से। परिवार में भी छोटी-छोटी बातों को बड़ा बनाएंगे तो परिवार छोटा होता जाएगा। शब्द हमारे जीवन में असीम महत्व रखते हैं, क्योंकि वे विचारों, भावनाओं और ज्ञान को व्यक्त करने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। ये हमारे रिश्तों को बना या बिगाड़ सकते हैं। हमारे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालते हैं। सही शब्दों का प्रयोग संचार को प्रभावी, प्रेरणादायक और मानवीय संबंधों को मजबूत बनाता है।

***तरुण छत्तीसगढ़ के प्रकाशन को 41 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई...***

# महापौर ने पेश किया फायदे का बजट



*रायपुर, 31 मार्च। आज रायपुर नगर पालिक निगम का वार्षिक बजट महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के सभापतित्व में पेश किया। यह बजट 2130 करोड़ का है। बजट अभिभाषण को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, खारून महोत्सव, महिला शांति गृह की स्थापना होगी। 5 करोड़ रुपए की लागत से महिला शांति गृह की स्थापना होगी। मध्यमवर्गीय महिलाओं के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से निर्माण होगा। रायपुर शहर में खारून महोत्सव का शुभारंभ होगा। पूरे शहर से अवैध अतिक्रमण हटाए जाएंगे। 68 करोड़ 6 लाख रुपए अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम खर्चा करेगा।*

### बजट की प्रमुख बातें

- **महिला शांति गृह:** 5 करोड़ रुपये की लागत से शहर में 'महिला शांति गृह' की स्थापना होगी।
- **वर्किंग वुमन हॉस्टल:** कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए पंडरी और नरैया तालाब के पास हॉस्टल बनाए जाएंगे।
- **वेंडिंग जोन:** बूढ़ा तालाब स्थित धरना स्थल पर विशेष रूप से महिलाओं के लिए वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा।
- **बुजुर्गों के लिए सुविधा:** शहीद स्मारक परिसर में वरिष्ठ नागरिकों की सुगमता के लिए लिफ्ट लगाई जाएगी।

#### सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण

- **खारून और कानन महोत्सव:** रायपुर की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय पहचान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष खारून महोत्सव और कानन महोत्सवका आयोजन किया जाएगा।
- **उद्यान सौंदर्यीकरण:** राजधानी के प्रत्येक जोन में दो उद्यानों का सौंदर्यीकरण कर उन्हें बेहतर बनाया जाएगा।

#### बुनियादी ढांचा व स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स

- **इलेक्ट्रॉनिक मार्केट:** शंकर नगर और हुमरतराई में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक मार्केट का निर्माण होगा। इसके लिए निगम 100 करोड़ रुपये का म्युनिसिपल बॉन्ड जारी करेगा।
- **लाइब्रेरी और यूथ हॉस्टल:** नालंदा परिसर की तर्ज पर युवाओं के लिए नई लाइब्रेरी, रीडिंग जोन और यूथ हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा।
- **पार्किंग:** नगर निगम मुख्यालय और पंडरी क्षेत्र में ट्रैफिक की समस्या को सुलझाने के लिए ऑटोमेटिक पार्किंग बनाई जाएगी।

| क्रमांक | मुख्य लेखा शीर्ष | बजट अनुमान 2026-27 |
|---|---|---|
| 01 | प्रारंभिक शेष | 207 करोड़ 65 लाख 90 हजार |
| 02 | कुल वार्षिक आय | 1924 करोड़ 09 लाख 12 हजार |
| | योग | 2131 करोड़ 75 लाख 02 हजार |
| 03 | कुल व्यय | 2130 करोड़ 35 लाख 13 हजार |
| | अंतिम शेष | 01 करोड़ 39 लाख 89 हजार का फायदा |

| क्रमांक | राजस्व प्राप्तियां | राशि |
|---|---|---|
| 01 | दर तथा कर | 392 करोड़ 15 लाख 83 हजार |
| 02 | किराया पट्टों से आय | 05 करोड़ 30 लाख |
| 03 | फीस एवं शुल्क | 75 करोड़ 44 लाख 26 हजार |
| 04 | अन्य स्वच्छता प्रभार | 47 करोड़ 56 लाख 70 हजार |
| 05 | विविध | 43 करोड़ 66 लाख 68 हजार |
| 06 | अनुदान एवं अंशदान | 356 करोड़ 21 लाख 13 हजार |

#### शहर की स्वच्छता और सुरक्षा


- **अतिक्रमण मुक्त रायपुर:** पूरे शहर से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए 68 करोड़ 6 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।
- **रोबोटिक सफाई:** नालों और सीवेज की सफाई के लिए 1.50 करोड़ रुपये की लागत से रोबोटिक सक्शन मशीन खरीदी जाएगी।
- **सुरक्षा:** बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने के लिए 140 लाख की लागत से शहर में 268 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।
- पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अब शहर के हर वार्ड में 'बर्तन बैंक' की स्थापना की जाएगी, ताकि डिस्पोजेबल कचरे को कम किया जा सके। इसके अलावा फुंडहर के पास एक नया गौठान भी बनाया जाएगा।

महापौर मीनल चौबे द्वारा सामान्य सभा में नगर निगम बजट पर अभिभाषण प्रस्तुत करने के पूर्व नगर निगम बजट की प्रथम प्रति आसन्दी पर सभापति सूर्यकान्त राठौड़ को नगर निगम वित्त विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार सहित दी. वित्त विभाग अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार ने महापौर मीनल चौबे को बजट की प्रति दी, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी और नगर निगम आयुक्त विश्वदीप को महापौर और वित्त विभाग अध्यक्ष ने बजट की प्रति दी. इसके पूर्व नगर निगम सामान्य सभा की बैठक में पहुँचने पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा का महापौर मीनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी और आयुक्त विश्वदीप ने बुके प्रदत्त कर आत्मीय स्वागत किया.

महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम रायपुर के वित्त वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट और बजट पर अभिभाषण की प्रस्तुति सामान्य सभा की बैठक में की. रायपुर नगर निगम का वित्त वर्ष 2026-27 हेतु 1 करोड़ 39 लाख 89 हजार रूपये के फायदे का बजट प्रस्तुत किया गया. 1924 करोड़ 9 लाख 12 हजार की कुल वार्षिक आय के प्रस्तुत बजट में प्रारम्भिक शेष 207 करोड़ 65 लाख 90 हजार रूपये, कुल योग 2131 करोड़ 75 लाख 2 हजार रूपये और कुल अनुमानित व्यय 2130 करोड़ 35 लाख 13 हजार रूपये दर्शाया गया है. इस प्रकार नगर निगम महापौर मीनल चौबे ने सामान्य सभा की बैठक में वित्त वर्ष 2026-27 का 1 करोड़ 39 लाख 89 हजार रूपये के फायदे का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया।

## स्टेट कमेटी सदस्य सोमन्ना ने किया सरेंडर

**आंध्र प्रदेश, 30 मार्च।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश से बड़ी खबर सामने आई है। नक्सल विरोधी अभियान के बीच माओवादी मोर्चे में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, डेडलाइन खत्म होने से ठीक एक दिन पहले कुख्यात माओवादी चेल्लुरु नारायण राव उर्फ सोमन्ना ने विजयवाड़ा में आत्मसमर्पण कर दिया है। सोमन्ना माओवादी स्टेट कमेटी सदस्य है।



बताया जा रहा है कि सोमन्ना आंध्र-ओडिशा बॉर्डर राज्य समिति का प्रमुख सदस्य था। इसके साथ ही वह केंद्रीय क्षेत्रीय समिति की तीसरी कंपनी का कमांडर भी रहा है। शीर्ष माओवादी लीडर गजरला रवि और अरुणा की मौत के बाद इस क्षेत्र में माओवादी संगठन की बागडोरसोमन्ना के पास ही थी।

## अब पेट्रोल पंप पर मिलेगा मिट्टी का तेल

### एलपीजी संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, 30 मार्च।** पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में चल रहे युद्ध के कारण तेल और गैस की सप्लाई पर असर पड़ा है। इससे दुनिया भर के कई देशों को ईंधन की कमी हो रही है। भारत भी इस संकट से प्रभावित है।




इस समस्या को हल करने के लिए सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। अब सरकार ने घरों तक केरोसिन (मिट्टी का तेल) की सप्लाई करेगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम सुरक्षा और लाइसेंसिंग नियमों में अस्थायी छूट दी है।

केंद्र सरकार ने 29 मार्च को एक गजट नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें बताया गया कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 60 दिन तक सुपीरियर केरोसिन ऑयल की अस्थायी सप्लाई देने की अनुमति दी है। ये ऑयल 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सरकारी राशन की दुकानों के जरिए दिया जाएगा। इसका मकसद है कि लोगों को ईंधन की कमी का सामना न करना पड़े। इसमें मध्यप्रदेश दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात भी शामिल हैं। सरकार ने साफ किया है कि केरोसिन केवल घरेलू इस्तेमाल के लिए दिया जाएगा। जैसे खाना बनाने और रोशनी के लिए। इससे इसका गलत इस्तेमाल रोका जा सकेगा।

### देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार : मंत्रालय

**नई दिल्ली, 30 मार्च।** देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्थिति स्पष्ट की है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से पैदा हुए संकट को देखते हुए भारत सरकार ने देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। इसके साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर ज्यादा खरीदारी से बचने की अपील की है। मंत्रालय ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और अनावश्यक रूप से ईंधन की खरीदारी से बचें। अधिकारियों के मुताबिक, देश में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर किसी तरह की कमी नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से उत्पन्न हुए संकटों को देखते हुए बयान जारी किया है। बयान मे मंत्रालय ने लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि देश में रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पूरे देश में पर्याप्त है और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

## एसएलआरएम सेंटर में लगी भयंकर आग

**कवर्धा, 30 मार्च।** कवर्धा के कैलाश नगर वार्ड क्रमांक 3 स्थित एसएलआरएम (अपशिष्ट प्रबंधन) केंद्र में बीती रात भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सरोवर तालाब के पास स्थित इस केंद्र में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और सुबह तक उस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर फायर ब्रिगेड की केवल एक ही गाड़ी पहुंची, जबकि विभाग के पास अन्य वाहन भी उपलब्ध बताए जा रहे हैं। स्थानीय कर्मचारियों ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल किया, जिसमें आग की लपटें लगातार उठती दिखाई दे रही हैं।

वार्डवासियों के अनुसार, देर रात अचानक एसएलआरएम केंद्र में आग लगी, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। रात में ही सूचना देने के बावजूद राहत कार्य में सुस्ती रही, जिससे लोगों में दहशत फैल गई।बहालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन केंद्र में रखा कचरा पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

## धीरेंद्र शास्त्री की कथा से पहले आयोजन समिति व बसंत अग्रवाल के बीच हाथापाई

**कटघोरा, 30 मार्च।** बागेश्वर धाम वाले कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा के आयोजन से पहले ही विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। कोरबा जिले के ग्राम ढप-ढप में आयोजित होने वाली कथा के लिए महाराज का आगमन रविवार रात्रि लगभग 8:30 बजे हुआ, जिसके बाद उनके रुकने के स्थान अग्रसेन भवन में जमकर हंगामा हुआ।?

जानकारी के मुताबिक, कार्यक्रम का आयोजन 'अपना घर सेवा परिवार' के अमरजीत सिंह (पार्षद) और उनकी समिति द्वारा किया जा रहा है। विवाद उस समय शुरू हुआ जब महाराज से मुलाकात और बैठने की व्यवस्था को लेकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पीएसओ, बसंत अग्रवाल और आयोजन समिति के बीच बातचीत चल रही थी। विवाद का कारण बसंत अग्रवाल द्वारा लगातार अपने खास मेहमानों को प्राथमिकता देना बताया जा रहा है। इसी बात को लेकर आयोजक अमरजीत सिंह और बसंत अग्रवाल के बीच तीखी बहस हो गई।?

### बातचीत से मारपीट तक पहुंचा मामला

देखते ही देखते शब्दों की मर्यादा टूटी और दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। अग्रसेन भवन के भीतर मचे इस हंगामे से वहां मौजूद श्रद्धालु और भक्त भी अचंभित रह गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वहां मौजूद पुलिस प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने तुरंत दखल दिया। काफी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को शांत कराकर उनके बीच समझौता कराया गया। स्थिति सामान्य होने के बाद रात्रि लगभग 11 बजे महाराज ने भक्तों से मुलाकात की और उन्हें आशीर्वाद दिया।

## जंगल में मिला नक्सलियों के हथियारों का जखीरा

**मोहला-मानपुर, 30 मार्च।** छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर जिला पुलिस को नक्सल मोर्चे पर कामयाबी हाथ लगी है। जिले के डीआरजी और आईटीबीपी के जवानों ने बस्तर के शरहदी क्षेत्र अंतर्गत जंगल में माओवादियों का डंप खोज निकाला है, जहां से एक एके 47 व एक इंसास रायफल समेत वैपन संबंधी अन्य सामान व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह की अगुवाई में जंगल पहुंचकर जवानों ने उक्त डंप बरामद किया है।

जानकारी के मुताबिक जंगल में नक्सल डंप की सूचना उपरांत मोहला-मानपुर जिला पुलिस की डीआरजी और केंद्रीय अर्ध सैनिक बल आईटीबीपी के जवानों ने आज सुबह बस्तर सीमावर्ती जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। आपरेशन के दौरान बस्तर के कांकेर जिला अंतर्गत ग्राम उयकाटोला व कोवाचीटोला और मानपुर ब्लॉक के ग्राम कलवर के मध्य जंगल में जवानों को गड्ढे में छुपाया गया नक्सल डंप मिला।

नक्सलियों ने दो रायफल के साथ कारतूस व वैपन संबंधी समान छुपा रखा था, जिसे बरामद कर सुरक्षा जवानों ने अपने कब्जे में लिया। गौरतलब है कि बस्तर के इसी उयकाटोला गांव से लगे जंगल से निकलकर आरकेबी डिवीजन के पांच माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया था।

## छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग पर एनएसयूआई का प्रदर्शन



**रायपुर, 30 मार्च।** छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में 250 से अधिक महाविद्यालयों में ज्ञापन सौंपे गए। एनएसयूआई का कहना है कि प्रदेश में वर्ष 2016 से छात्रसंघ चुनाव बंद है, जिससे छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा, चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों को अपनी समस्याएं उठाने और प्रतिनिधित्व करने का मंच नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव बहाल करना छात्रों के अधिकारों से जुड़ा अहम मुद्दा है और इसे जल्द लागू किया जाना चाहिए। एनएसयूआई ने मांग की है कि राज्य सरकार तुरंत चुनाव बहाली का निर्णय ले, ताकि छात्र अपने प्रतिनिधि चुन सकें। संगठन ने चेतावनी भी दी है कि यदि 6 तारीख तक मांग पूरी नहीं हुई तो एनएसयूआई प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का घेराव करेगा।

**मजबूत इरादे की जीत** | **छत्तीसगढ़ में माओवाद के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च, शांति और विकास की नई इबारत**

# नक्सलवाद के ताबूत पर अंतिम कील

**रायपुर, 30 मार्च।** दशकों से छत्तीसगढ़ के जंगलों में लाल आतंक और हिंसा का पर्याय रहे नक्सलवाद के ताबूत पर कल 31 मार्च को अंतिम कील ठोंक दी जाएगी। इसी के साथ ही न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आंध्रप्रदेश, ओडिशा व मप्र के कुछ हिस्सों में माओवाद के काला अध्याय की इतिश्री हो जाएगी। ज्ञात हो कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत को नक्सलवाद मुक्त बनाने की समय सीमा 31 मार्च 2026 तय की थी। शाह की इस समय सीमा के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सलवादियों के मय हथियार समर्पण करने की बाढ़ सी आ गई थी। इस दौरान कई छोटे-बड़े नक्सली मारे गए। कई नामी-गिरामी तथा खौफ के पर्याय बने नक्सली नेताओं ने हथियार डाल दिए। वे समाज की मुख्यधारा में लौट आए हैं। यह कहने में अब किसी को कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि भारत सचमुच वामपंथी उग्रवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में ऐतिहासिक सफलता हासिल करने की राह पर है। आंकड़े इसके गवाह हैं। सन् 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी। सन् 2025 के अंत तक घटकर सिर्फ तीन रह गई। कोई बड़ा नक्सली नेता जीवित या सक्रिय नहीं बचा है। सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का ही सुपरिणाम है कि सुरक्षा बलों व पुलिस के अदम्य साहस व कुशल रणनीति से नक्सलवाद का प्रदूषण समाप्त हो जाएगा। बस्तर की फिजा फिर से अमन-चैन की खुशबू से महकेगी। विकास की राह पर तो पहले ही चल पड़ा है। 31 मार्च का दिन हिन्दुस्तान के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। जैसे पंजाब में आतंकवाद को अंतिम आहूति दी गई थी वैसे ही नक्सलवाद अब इतिहास की बात हो जाएगी। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि इस सुखद सफलता को पाने के पूर्व छत्तीसगढ़ ने कई दर्द झेले हैं। राज्य ने बड़ी कीमत चुकाई है। न जाने कितने निर्दोष लोग, सुरक्षा बलों व राज्य पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी तथा राजनीतिक दलों से जुड़े छोटे-बड़े नेताओं का जीवन माओवाद के खूनी खेल की भेंट चढ़ गए। कितनी ही संपतियों का नुकसान हुआ है। अब सुखद पहलू यह है कि रेड कारिडोर को उखाड़ फेंका गया है। अब सर्वत्र ग्रीन कारिडोर ही नजर आएगा।

एक समय था जब छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्र और बिहार समेत आधा दर्जन राज्यों में रेड कोरिडोर स्थापित था, जहां से नक्सली बड़े बड़े हिंसक अभियान चलाते थे। लेकिन 2014 के बाद शुरू हुई नक्सल उन्मूलन कारवाईयों ने तस्वीर बदल कर रख दी है।

सरकार के दावे को नकारा नहीं जा सकता। नक्सली उग्रवाद पर लगाम के जो आकड़े उपलब्ध हैं, उससे यह निष्कर्ष निकलता है कि केंद्र और प्रभावित राज्यों ने मिलकर छह दशक से भी पुराने इस हिंसक आंदोलन को पहली बार पूरी तरह से कुचलने में कामयाब हुए हैं। 2014-24 के बीच हिंसक घटनाओं में भारी कमी आई। नक्सलियों के हाथों सुरक्षा बलों के मारे जाने की घटनाओं में लगभग 73 प्रतिशत और नागरिकों की मौतों में लगभग 70 प्रतिशत की सीधी कमी देखी गई। अब केवल छत्तीसगढ़ के 3 जिलों के कुछ हिस्सों में ही नक्सलियों की उपस्थिति सीमित रह गई है और उन्हें भी नक्सल मुक्त करने का अभियान जारी है।

कई राज्यों ने तो आधिकारिक तौर पर खुद को नक्सल-मुक्त घोषित कर दिया है। बिहार और मध्य प्रदेश इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। माओवादी नेता देवूजी के आत्मसमर्पण के बाद तेलंगाना भी अब नक्सल मुक्त हो चुका है। नक्सल कैडर अब किस तरह से हताश हो चुके हैं, वे इन आकड़ों से पता चलता है कि अकेले 2024-25 में ही लगभग 2,900 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया और 1,900 से अधिक की गिरफ्तारियाँ हुईं। यही नहीं 600 से अधिक माओवादियों को मुठभेड़ में खत्म भी किया गया। पाँच, दस नहीं, बल्कि 28 शीर्ष माओवादी नेताओं को भी खत्म कर दिया गया। जिनमें माओवादी वाम महासचिव नंबाला केशव राव उर्फबसवराजू, केंद्रीय समिति के सदस्य पतिराम मांझी और गणेश उइके जैसे बड़े नक्सली नेता शामिल हैं।

मोदी सरकार ने नक्सल विरोधी अभियान के लिए केवल सुरक्षा बल के प्रयोग को प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि लगभग 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण जंगल क्षेत्रों में कर डाला, 6,500 से अधिक मोबाइल टावरों की स्थापना की और 1,800 से अधिक शाखाओं के साथ बैंकिंग के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया, ताकि योजनाओं के पैसे लोगों तक आसानी से पहुँच सके। नक्सल उन्मूलन की यह सफलता बतलाती है कि दृढ़ इच्छा शक्ति और स्पष्ट नीति के साथ कोई काम किया जाए तो उसके सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

## लश्कर आतंकी शब्बीर अहमद लोन दिल्ली से गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 30 मार्च।** आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी कामयाबी मिली है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी को गिरफ्तार किया है। आतंकी की पहचान शब्बीर अहमद लोन के रूप में हुई है। आतंकी शब्बीर हाल ही में मेट्रो पोस्टर केस में पकड़े गए लश्कर-ए-तैयबा मॉड्यूल का हैंडलर था। आतंकी शब्बीर अहमद लोन बांग्लादेश में बैठकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर लश्कर का एक नया मॉड्यूल तैयार कर रहा था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, शब्बीर अहमद लोन का संबंध आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से है। वह सीधे तौर पर लश्कर के सरगना हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकियों के संपर्क में रहा है।



## एक नजर

### 3 सट्टा खेलाने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 30 मार्च (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाने पुलिस ने एक ही दिन में 3 जगह पर छापा मारकर सट्टा खिलाने वाले तीन आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से कुल 41,240 नगद, 3 मोबाइल एवं सट्टा पट्टी सामग्री बरामद किया है पुलिस ने मामले में धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है नंदिनी टीआई भानुप्रताप साव ने बताया कि थाना नंदिनी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप सेजुआ/सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपी ज्ञनिक निर्मलकर (68 साल )निवासी ग्राम बानबरद वार्ड क्र 15, विश्वनाथ साहू (45 साल )निवासी वार्ड क्र. 08 अहिवारा व करन सिंह मारकण्डे (24 साल )निवासी वार्ड क्र. 03 जयस्तंभ चौक अहिवारा को रंगे हाथ पकड़ा गया तीनों मामलों में धारा 4 (क) जुआ एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया आरोपियों के कब्जे से नगद राशि एवं सट्टा सामग्री जब्त किया है।

### म्यूल एकाउंट वाले दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया



**भिलाई, 30 मार्च (तछसं.)।** भिलाई म्यूल एकाउंट के माध्यम से साइबर ठग करने वाले दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर म्यूल अकाउंट का उपयोग कर साइबर ठगी करने वाले खाताधारकों की पहचान की जांच के दौरान बंधन बैंक शाखा सुपेला के खातों का विश्लेषण किया इसमें आरोपियों ने अपने बैंक खातों को जानबूझकर ऑनलाइन ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए उपयोग करना पाया गया। खातों में 16 अगस्त 2024 से 30 सितंबर 2024 के मध्य अवैध रूप से 1,66,336 एवं 74,507 जमा होना पाया गया। इस प्रकरण में धारा 317(2), 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने बैंक खाते की पासबुक को अन्य व्यक्ति को धनराशि लेकर उपलब्ध कराना स्वीकार किया गया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपियों जितेन्द्र यादव (31 साल ) निवासी टंकी मरोदा स्कूल पारा थाना नेवई व झावेश यादव (30 साल ) निवासी टंकी मरोदा को गिरफ्तार किया है।

### घर में घायल पड़ी महिला की जान बचाई



**भिलाई, 30 मार्च (तछसं.)।** दो दिनों से घर के अंदर घायल अवस्था में पड़ी महिला को बाहर निकालकर डायल 112 ने अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई है। मानवीय संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्रवाई से दुर्ग एसएसपी ने डायल 112 के सिपाही और ड्राइवर को ईनाम और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया ग्रामीण एसएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि उतई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरपोटी से डायल-112 में इवेंट मिली सूचना दी कि एक बुजुर्ग महिला गिरकर घायल हो गई है सूचना पर डायल-112 टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां पाया गया कि लगभग 80 वर्ष की महिला अपने घर के अंदर पिछले दो दिनों से जमीन पर गिरी हुई थी एवं गंभीर रूप से घायल थी।पुलिस टीम ने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया। साफ-सफाई कर प्राथमिक सहायता दी गई तथा बिना विलंब किए शासकीय अस्पताल उतई पहुंचाकर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने महिला को उपचार के लिए ऑब्जर्वेशन में रखा गया है ।

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने 8.10 करोड़ की सिंचाई परियोजना नहर लाइनिंग कार्य का किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,30 मार्च।** बोड़ला क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग आज साकार होने की ओर बढ़ गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ग्राम सारंगपुर पहुंचकर 8.10 करोड़ रुपये की लागत से बोड़ला विकासखंड अंतर्गत छीरपानी जलाशय से जुड़ी राम्हेपुर वितरक नहर एवं उससे संबद्ध माइनर नहरों के सी.सी. लाइनिंग कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। कार्य पूर्ण होने पर कुल 1540 एकड़ क्षेत्र में सुचारू सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी तथा 6 गांवों के 800 से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। नहरों के सुदृढ़ीकरण से जल का अपव्यय रुकेगा, अंतिम छोर तक पानी पहुंचेगा और खेती-किसानी को नई मजबूती मिलेगी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने गांव के विकास के लिए 41 लाख रुपए की सीसी रोड निर्माण और गांव के मेन चौक में भव्य डोम निर्माण की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गांव, गरीब और किसान को केंद्र में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है । इस योजना से मुख्य रूप से मानिकपुर, सिल्हाटी, बघर्रा, सारंगपुर कला, सिंधनुपरी एवं राम्हेपुर कला ग्रामों के किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। बोडला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा , उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू , पूर्व सरपंच छोटू चंद्रवंशी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# पीएम मोदी के सपनों को साकार कर रहा है बोड़ला विकासखंड



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,30 मार्च।** कबीरधाम जिले में बोड़ला विकासखंड में सभी गांवों में सुंदर आवास तेज गति से बन रही है ओर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत पचास से अधिक सड़को का जाल बिछ रहा है जिससे ग्रामीणों में हर्ष दिख रही है । बोडला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा और जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने बताया की गांवों में गुणवत्तापूर्ण आवास ओर गुणवत्ता पूर्ण सड़कों का जाल बिछ रहा है । डिप्टी सीएम विजय शर्मा भैया के मार्गदर्शन में विकास की रफ़्तार जारी है । विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है । बोडला विकासखंड में मिनी स्टेडियम निर्माण भी तेज गति से हो रही है और गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य पर विशेष फोकस रहता है । बोडला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा और विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा एवं जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने कहा की जल संरक्षण पर हम सभी को ध्यान देना है क्योंकि जल है तो जीवन है ।



**उतई, 30 मार्च (तछसं.)।** आज चैत शुक्ल पक्ष के 30 मार्च को दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ के 41 वे स्थापना दिवस पर उतई के संवाददाता देवेन्द्र पटेल ने सपत्नीक अपने निज निवास में तरुण छत्तीसगढ़ अखबार की विधिवत पूजा अर्चना कर सुधि पाठकों को बधाई प्रेषित की।

# आग लगने से इंदिरा मार्केट दो दुकानें जलकर खाक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 30 मार्च।** दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदिरा मार्केट के पास बीती रात एक भीषण आगजनी की घटना हुई आग इतनी भयावह थी कि इसकी लपटें दूर-दूर तक देखी गईं, जिसे देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों ने रातभर बुझाई आग देर शाम को इंदिरा मार्केट स्थित एक दुकान में आग की लपटें दिखाई देने लगी लोग समझ पाते इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया पूरी दुकान को अपनी चपेट में लेने के साथ ही उससे सटे दूसरे दुकान में भी आग फैल गई आग लगने की सूचना तुरंत नगर सेवा विभाग को दी गई. लेकिन आगजनी की गंभीरता को देखते हुए नगर सेवा विभाग के साथ साथ भिलाई स्टील प्लांट के दमकल कर्मियों को भी मोर्चा संभालना पड़ा। रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया. लगभग 6 दमकल वाहनों की मदद से रात भर की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया इंदिरा मार्केट की दो दुकानें जलकर खाक इस हादसे में इंदिरा मार्केट की दो दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं. घटनास्थल पर दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल और पुलिस के आला अधिकारी पूरी रात मौजूद रहे कई दुकानों में फैल सकती थी आग इंदिरा मार्केट काफी व्यस्ततम इलाका है समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो और कई दुकानें आग की चपेट में आ सकती थी. फिलहाल आग लगने का सटीक कारण अभी तक अज्ञात है दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

### घर में मिली लाश

**भिलाई, 30 मार्च (तछसं.)।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र केपेंटर मोहन कुमार रामटेके की घर में मिली लाश मामले और सुसाइडल नोट के आधार पर स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने राजू पाल और सोनिया गोस्वामी के खिलाफ धारा 108,3(5) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोहका में किराए के मकान में रहने वाले मोहन कुमार रामटेके (42 साल ) की फांसी के फंदे पर लटकती हुई लाश मिली थी। मौके पर पुलिस को एक सुसाइडल नोट मिला था मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

# अम्लेश्वर में 'मन की बात' का 132वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,30 मार्च।** भाजयुमो अम्लेश्वर मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच रवि सिंगौर के कार्यालय, ग्राम सांकरा में 'मन की बात' कार्यक्रम के 132वें एपिसोड का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने एक साथ बैठकर कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना।कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, बूथ अध्यक्ष छोटू तिहारु बघेल, विष्णु सिंगौर, यादव, कामता सिंगौर, राजकुमार सिंगौर, मुकेश सिंगौर, विकास सिंगौर सहित अन्य ग्रामवासीजन उपस्थित रहे।इस आयोजन में सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुनते हुए देश के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा भी की।

### प्रशिक्षण



**कवर्धा।** रामचूवा मंदिर परिसर में 28 मार्च पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत 2 दिवसीय मण्डल स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम के प्रथम दिवस भारतीय जनता पार्टी भोरमदेव मंडल के समस्त पदाधिकारियों के साथ सांसद संतोष पांडेय जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास , बीजेपी कार्यकर्ता शामिल हुए।



### स्काउट-गाइड ने राहगीरों के लिए खोला प्याऊ घर

**भिलाई, 30 मार्च।** प्रतिदिन एक अच्छा काम करो के संदेश को आत्मसात करते हुए भिलाई जिला संघ स्काउट-गाइड द्वारा राहगीरों के लिए प्याऊ घर की व्यवस्था की गई है।

भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के मुख्य द्वार पर आयोजित प्याऊ घर के उद्घाटन अवसर पर विद्यार्थी, पालक एवं बीएसपी शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सोने-चांदी के दाम में उतार-चढ़ाव से सराफा बाजार में हल्की मंदी

■ वैवाहिक सीजन से बढ़ने की उम्मीद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 30 मार्च।** सोने-चांदी के भाव में लगातार उतार-चढ़ाव के चलते शहर के सराफा बाजार में ग्राहकी रहने के बावजूद हल्की मंदी का माहौल देखने को मिल रहा है। सराफा व्यवसाय से जुड़े जवाहर मार्केट व्यापारी संघ के कोषाध्यक्ष अशोक जाधव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की स्थिति और बाजार में अनिश्चितता के कारण निवेशक फिलहाल सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। इसके चलते खरीदारी पर असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सोने-चांदी के दाम में रोजाना हो रहे बदलाव से ग्राहक भी असमंजस की स्थिति में हैं और बड़ी खरीदारी से बच रहे हैं। हालांकि सामान्य ग्राहकी बनी हुई है, लेकिन अपेक्षित तेजी नहीं दिख रही है। अशोक जाधव के अनुसार, आगामी माह से वैवाहिक सीजन की शुरुआत होने जा रही है, जिससे सराफा बाजार में रौनक लौटने की पूरी संभावना है। शादी-ब्याह के चलते सोने-चांदी की मांग बढ़ेगी और बाजार में फिर से तेजी देखने को मिलेगी। व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बाजार की स्थिति सुधरेगी और सराफा कारोबार में फिर से मजबूती आएगी।

# भीषण गर्मी में जैन समाज ने बांटी 400 पानी की बोतलें, निकाली गई शोभायात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 30 मार्च।** भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सकल जैन समाज एवं त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 के तत्वावधान में भीषण गर्मी के बीच सेवा कार्य करते हुए सेक्टर-7 रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन के यात्रियों एवं मजदूरों को लगभग 400 पानी की बोतलों का वितरण किया गया। दोपहर 3ऱ30 बजे किए गए इस सेवा कार्य से यात्रियों को गर्मी में राहत मिली। इस अवसर पर श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 जैन ट्रस्ट, मानव सेवा परिसर सेक्टर-9, रूसा बांदा दिगंबर जैन मंदिर एवं श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-6 के सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से प्रदीप जैन बाकलीवाल, संजय जैन, बबलू जैन, प्रतीक नाहर, संजीव कासलीवाल, मुकेश जैन, अरुण कुमार, शशि कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म एवं जियो और जीने दो के संदेश को चरितार्थ करते हुए सेवा कार्य किया गया। स्टेशन मास्टर नेहा श्रीवास्तव ने भी इस कार्य की सराहना की। प्रचार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि गर्मी के दिनों में यात्रियों की सुविधा हेतु इस प्रकार के सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में 30 मार्च को प्रातः 7ऱ30 बजे श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-6 से भगवान महावीर स्वामी की पालकी शोभायात्रा निकाली गयी। यह शोभायात्रा जैन भवन सेक्टर-6 से प्रारंभ होकर ग्लोब चौक एवं गायत्री मंदिर रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुँची। इसके पश्चात मंदिर में मंगल अभिषेक एवं शांति धारा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रशांत जैन, मंत्री सोमेश जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# वैशाली नगर में 11 विकास कार्यों के लिए 28.65 लाख की स्वीकृति

**भिलाई, 30 मार्च।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में जनहित के 11 विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 28.65 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। ये कार्य क्षेत्रीय विधायक रिकेश सेन की अनुशंसा पर स्वीकृत किए गए हैं, जिनका क्रियान्वयन नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से स्मृति नगर में सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भवन के पास 5 लाख रुपए की लागत से सार्वजनिक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। वहीं वार्ड क्रमांक 36 कैंप-02 में मोदी उद्यान के संधारण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 2 लाख रुपए तथा बाल मंदिर भवन व प्रसाधन कक्ष के संधारण हेतु 2 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा जी.ई. रोड स्थित बुद्ध भूमि कोसानगर के पास पुरुष एवं महिला प्रसाधन कक्ष निर्माण के लिए क्रमशः 3-3 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 24 फौजी नगर (सियान सदन) में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 5 लाख रुपए तथा वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर लोकांगन परिसर में प्रसाधन कक्ष निर्माण हेतु 3 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इसी क्रम में प्रजापति भवन के पास 2 लाख रुपए और खंडेलवाल भवन के पास 3.20 लाख रुपए की लागत से सार्वजनिक प्रसाधन कक्ष बनाए जाएंगे। साथ ही श्वेतांबर जैन मंदिर एवं सड़क नंबर जीरो स्थित सार्वजनिक डोम शेड के पास वॉटर कूलर लगाने के लिए प्रत्येक स्थल पर 22,500 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्रशासन का मानना है कि इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

### रूआबांधा में व्याख्याताों को दिया प्रशिक्षण

**भिलाई, 30 मार्च।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर (एससीईआरटी) के निर्देशानुसार जिले के भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषय के व्याख्याताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूआबांधा में आयोजित हुआ, जिसमें जिले भर के शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान राज्य एवं जिला स्रोत समूह के विशेषज्ञों द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही बोर्ड द्वारा लागू नवीन ब्लूप्रिंट के अनुसार विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से अधिगम कराने के लिए नवाचारी तरीकों से शिक्षण की जानकारी दी गई।



# शहीदों की स्मृति में जिलास्तरीय पदयात्रा निकाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 30 मार्च।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत में भारत के नेतृत्व में शहीदी दिवस के अवसर जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन- मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी की थीम पर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दुर्ग में किया गया। सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर युवा स्वतंत्रता सेनानियों की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम के विषय में नितिन कुमार शर्मा उप निदेशक माय भारत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित ÷मेरा युवा भारत÷ विभाग द्वारा के सर्वोच्च बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए देश भर के 763 जिलों में जिला स्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया गया है। पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नागरिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करके स्मरण को कर्म में परिवर्तित करना है। शहीद क्रांतिकारियों के राष्ट्र में योगदान को ध्यान में रखते हुए पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है जिससे कि आज के युवा राष्ट्रनिर्माण की गतिविधियों में शामिल हो सके। उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग की महापौर श्रीमती अलका बाघमार जी उपस्थित रही।उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे युवा साथी सामाजिक उत्तरदायित्व को दृष्टिगत रखते हुए अपना अमूल्य सहयोग राष्ट्रनिर्माण में दें ताकि विकसित भारत की नींव मजबूत हो सके साथ ही उन्होंने युवाओं के नशामुक्त बनाने की अपील की। पदयात्रा को महापौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य श्री प्रकाश पांडे ने कार्यक्रम की विशेष सराहना की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक श्री डी डी रघुवंशी, आरती मिश्रा,क्क, कार्यक्रम अधिकारी श्री लाल,श्री राजपूत, एवं आशीष ,ढाल सिंग,योगेश साहू , माय भारत के स्वयंसेवक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं माय भारत की ओर से को बैच एवं कैप का वितरण किया गया।

### फील्ड में जाकर जनगणना कार्य का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया

**महासमुंद 30 मार्च ।** जनगणना कार्य का प्रथम चरण जिले में 1 से 30 मई तक किया जाएगा। इस दौरान प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से कुल 34 प्रश्नों की जानकारी ली जाएगी। चूंकि जनगणना कार्य डिजिटल रूप में पहली बार होने वाली है, इसलिए प्रगणकों को इसके लिए पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री मनोज कुमार खांडे की उपस्थिति में प्रगणकों को प्रशिक्षण देने वाले फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत बसना में आयोजित किया गया।

## निधन

### बिल्किश बेगम



**भिलाई, 30 मार्च।** न्यू प्रेस क्लब के सदस्य शमसुद्दीन खान की माता श्रीमती बिल्किश बेगम 66 वर्ष का दुखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास सेक्टर 2 से रविवार 29 मार्च को प्रातः 11 बजे रामनगर कब्रिस्तान के लिए निकली। वे अपने पीछे पति गयासुद्दीन खान, पुत्र शमसुद्दीन खान एवं इलमुद्दीन खान, तथा पुत्रियां हामिदा खान, शाहिदा खान, रशीदा खान एवं समस्त परिवार को शोकाकुल छोड़ गई हैं।


41वें स्थापना दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सीताराम साहू
छग प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के
रायपुर संभाग सह प्रभारी


41वें स्थापना दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जसविंदर बग्गा
प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ( छत्तीसगढ़ )


तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार निरंतर प्रगति पथ पर
अग्रसर रहे। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव मार्ग प्रशस्त करे।
अंकित खुशाल मेहता
महासचिव-एमएसएमई उद्योग संघ
भिलाई-दुर्ग


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार प्रगति पथ पर
बढ़ता रहे प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद मार्ग प्रशस्त करे
मांगीलाल सोनी
अध्यक्ष -जवाहर मार्केट व्यापारी संघ
कैम्प-2 भिलाई
-सौजन्य-
प्रदीप सोनी
प्रदीप ज्वेलर्स
जवाहर मार्केट, भिलाई


41वें स्थापना दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपक चंद्रवंशी
युवा बिजनेस मैन कवर्धा


41वें स्थापना दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुनील दोषी
सदस्य-हरितिमा टीम-कवर्धा


41वें स्थापना दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राम कुमार भट्ट
पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम एवं
वर्तमान जिला पंचायत सभापति कबीरधाम


41वें स्थापना दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती ममता चंद्राकर
पूर्व विधायक पंडरिया-71
राष्ट्रीय महासचिव अखिल
भारतीय महिला कांग्रेस ( दिल्ली)


41वें स्थापना दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू
जिला पंचायत सभापति


41वें स्थापना
दिवस पर तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को हार्दिक बधाई
श्रीमती गंगा लोकचंद साहू
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-07

## संपादकीय

# मोदी सरकार ने बढ़ाने की जगह घटाया है

पश्चिम एशिया में एक माह से ईरान,इजराइल व अमरीका के बीच युध्द जारी रहने से वैश्विक तेल बाजार में उथल पुथल मची हुई है। सप्लाई बाधित होने से विश्व के ज्यादातर देशों में डीजल,पेट्रोल व गैस के दाम बढ़ गए हैं। विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमत 122 डालर से ज्यादा प्रति बैरल होने से सभी देशों को तेल व गैस के दाम बढ़ाने पड़े हैं। भारत में ऐसा करना पड़ता मोदी सरकार को लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया है। उसने डीजल व पेट्रोल के दाम न बढ़ाने की जगह केंद्र सरकार की एक्साइज ड्यूटी घटाने का फैसला किया है यानी विश्व की दूसरी सरकारों की तरह डीजल पेट्रोल का दाम बढ़ाकर बोझ जनता पर डालने की जगह सरकार ने खुद वहन करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने विश्व बाजार में कच्चे तेल का दाम बढ़ने पर पेट्रोल व डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपए घटाने का फैसला किया है।इससे डीजल पर एक्साइज डयूटी घटकर शून्य हो गया है और पेट्रोल पर घटकर तीन रुपए हो गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक विश्व बाजार में क्रूड की कीमत बढ़ने से तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 26 रुपए और डीजल पर 81.90 रुपए का घाटा हो रहा है।एक माह में यह दैनिक घाटा 2400 करोड़ रुपए तक हो गया था। ऐसे में तेल कंपनियों को इस घाटे को पूरा करने के लिए दूसरे देशों की तरह डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ाने पड़ते इससे आम जनता पर इसका बोझ पड़ता है। युध्द के चलते मोदी सरकार दूसरे देशों की सरकार के समान पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ा सकती थी और कह सकती थी कि विश्व में ऐसे हालत हो गए हैं कि दूसरे देशों की तरह हमको भी देश में डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ाने पड़े हैं। दूसरे देशों की जनता ने जैसे पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने को मान लिया है कि सरकार के लिए दाम बढ़ाना जरूरी था इसलिए सरकार ने दाम बढ़ाए हैं। वैसे ही देश की जनता भी मान लेती की सरकार ऐसा नहीं करना चाहती थी, मजबूरी में सरकार को ऐसा करना पड़ा है। मोदी सरकार की इस बात के लिए तारीफ तो करनी पड़ेगी कि उसने एक्साइज ड्यूटी घटाकर कंपनी के घाटा को खुद पूरा करने का फैसला किया। इससे मोदी सरकार को एक साल में 1.75 लाख करोड़ का घाटा होगा।वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि तेल की बढ़ती कीमतों का बोझ आम लोगों पर न पड़े।पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि कच्चे तेल की तेजी से तेल कंपनियों पर घाटे का दवाब था। सरकार ने उन्हें राहत दी है। इसका सीधा मतलब यह है कि तेल कंपनियां अपना घाटा पूरा करने के लिए डीजल व पेट्रोल की कीमतें नहीं बढ़ाने वाली हैं।छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा है कि डीजल व पेट्रोल से मोदी सरकार का एक्साइज ड्यूटी घटाने से ऐतिहासिक फैसला है।इससे प्रत्येक परिवार, किसान व मध्यवर्ग को फायदा होगा।वैश्विक संकट के बाद भी देश के लोगों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं बढ़ेगा।यह फैसला पीएम मोदी की संवेदनशीलता,दूरदर्शिता व जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।विपक्ष की आदत है झूठ की राजनीति करना और वह इस मुद्दे पर भी झूठ की राजनीति कर रही है कि इससे जनता को कोई लाभ नहीं होगा। सच यह है कि इससे पेट्रोल व डीजल के दाम नहीं बढ़ेगें। जैसे हैं वैसे ही बने रहेंगे। यह भी तो एक तरह का लाभ है।

---

**नक्सलवाद का अंत केवल सुरक्षा परिदृश्य में बदलाव का संकेत नहीं, बल्कि विकास और स्थिरता की दिशा में एक संभावित मोड़ भी है**

# खामोश हुई बंदूकें: बस्तर में उम्मीदों का पुनर्जन्म

**महाभियान**

**अशोक कुमार साहू**

लगभग साढ़े चार दशक तक नक्सलवाद की हिंसा झेलते रहे छत्तीसगढ़ में बीते दिनों जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उन्होंने विशेषकर बस्तर क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाई है। बड़े नक्सली कमांडर पापाराव के आत्मसमर्पण और राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा 31 मार्च से पहले ही नक्सलवाद के समाप्त होने के दावे ने लोगों को राहत के साथ-साथ एक बेहतर भविष्य का भरोसा भी दिया है। यह केवल सुरक्षा परिदृश्य में बदलाव का संकेत नहीं, बल्कि विकास और स्थिरता की दिशा में एक संभावित मोड़ भी है।

प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध बस्तर, जिसका भू-भाग केरल से भी बड़ा और घने वनों से आच्छादित है, विडंबना यह रही कि विकास की मुख्यधारा से दशकों तक दूर रहा। जहां एक ओर इस क्षेत्र की धरती में अपार खनिज संपदा छिपी है, वहीं दूसरी ओर नक्सलवाद की लंबी हिंसक पृष्ठभूमि ने इसे रक्तरंजित भी किया है। बीते वर्षों में नक्सलियों द्वारा हजारों निर्दोष ग्रामीणों की हत्या,उन्हें पुलिस मुखबिर बताकर और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में बड़ी संख्या में नक्सलियों तथा जवानों के मारे जाने की घटनाओं ने इस क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने को गहराई से प्रभावित किया है। आदिवासी समुदाय इस संघर्ष में सबसे अधिक पीड़ित रहा,कभी नक्सलियों के संदेह का शिकार बनकर, तो कभी सुरक्षा बलों की सख्ती के बीच।

हालांकि कुछ वर्ष पहले तक नक्सलवाद के समाप्त होने की संभावना बेहद क्षीण प्रतीत होती थी, लेकिन हाल के वर्षों में परिस्थितियां तेजी से बदली हैं। राज्य और केंद्र सरकार के समन्वित प्रयास, सुरक्षा बलों की सटीक रणनीति और लगातार बढ़ते दबाव ने नक्सली संगठनों को कमजोर किया है। परिणामस्वरूप आत्मसमर्पण की एक लंबी श्रृंखला देखने को मिली है। पुलिस आंकड़ों के अनुसार, पिछले 26 महीनों में लगभग 2750 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। केवल 11 मार्च को हुए एक बड़े घटनाक्रम में 108 माओवादियों ने हथियार डालकर समाज की मुख्यधारा में वापसी की, जिनमें 44 महिलाएं भी शामिल थीं।

इन आत्मसमर्पणों में कई बड़े नाम शामिल हैं। 25 लाख रुपये के इनामी डीकेएसजेडसी सदस्य पापाराव, दंडकारण्य जोनल कमेटी के पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम राहुल तेलाम, पंडरू कोवासी, झितरू ओयाम, पूर्व बस्तर डिवीजन के डीवाईसीएम रामधर उर्फ बीरू, उत्तर बस्तर डिवीजन के डीवाईसीएम मल्लेश, अनिल ताती, प्रकाश माड़वी, विकास मड़काम, संजय मड़काम, चंद्र मरकाम, रजनी रेंगो, संजय कोड़में, लिंगा कवासी तथा पीजीएलए बटालियन नंबर एक के सीवाईपीसी कमांडर मुचाकी जैसे कई प्रमुख कैडरों का आत्मसमर्पण संगठनात्मक ढांचे के कमजोर पड़ने का संकेत है। इसके अतिरिक्त आंध्र-ओडिशा बॉर्डर (एओबी) क्षेत्र के डीवीसीएम कोसा मंडावी का आत्मसमर्पण भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

सुरक्षा बलों की कार्रवाई में बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और संसाधनों की बरामदगी ने नक्सली नेटवर्क की आर्थिक और सैन्य क्षमताओं को कमजोर किया है। एक ही स्थान से तीन करोड़ 61 लाख रुपये नकद और एक करोड़ 64 लाख रुपये मूल्य का एक किलो सोना बरामद होना इस बात का प्रमाण है कि नक्सली संगठन कितनी बड़ी आर्थिक संरचना के साथ काम कर रहे थे।

इन उपलब्धियों के पीछे केवल सुरक्षा बलों का दबाव ही नहीं, बल्कि राज्य सरकार की आकर्षक आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है। साथ ही, कई स्थानीय पत्रकारों और मध्यस्थों ने भी नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाई है। फिर भी, इस सकारात्मक परिदृश्य के बीच कुछ स्वाभाविक संशय भी बने हुए हैं। दशकों तक हिंसा और अस्थिरता में जी चुके लोगों के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या वास्तव में अब बंदूकें खामोश हो जाएंगी? क्या गांवों में नक्सली कैडर और समर्थकों का प्रभाव पूरी तरह समाप्त हो जाएगा? बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार करीमुद्दीन जैसे जानकार मानते हैं कि स्थिति में सुधार के स्पष्ट संकेत हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर पूरी तरह शांति स्थापित होने में समय लगेगा। उनके अनुसार, गांवों में अभी भी नक्सली समर्थक मौजूद हैं, जिनके पुनर्वास और पुनर्समावेशन की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।




नक्सलवाद की जड़ों को समझे बिना उसके स्थायी समाधान की कल्पना नहीं की जा सकती। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरुआत 1970 और 1980 के दशक में अविभाजित मध्यप्रदेश के समय हुई, जब आंध्र प्रदेश और अन्य क्षेत्रों से आए वामपंथी उग्रवादी समूहों ने दंडकारण्य के घने जंगलों में अपनी पैठ बनाई। आदिवासियों की गरीबी, सरकारी योजनाओं का अभाव, वन अधिकारों की अनदेखी और प्रशासनिक दूरी ने इस आंदोलन को पनपने का अवसर दिया। 25 मई 1983 को बीजापुर के बेलकनगुड़ा गांव में तेंदूपत्ता गोदाम में आगजनी को राज्य में नक्सलवाद की पहली बड़ी हिंसक घटना माना जाता है।

2004 में पीपुल्स वॉर ग्रुप (PWG) और माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर (MCC) के विलय से बने सीपीआई (माओवादी) ने इस क्षेत्र में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। शुरुआती दौर में नक्सलियों ने आदिवासियों को तेंदूपत्ता के बेहतर दाम दिलाने और वन विभाग के कथित शोषण से राहत दिलाने जैसे कदम उठाए, जिससे उन्हें स्थानीय समर्थन मिला। उन्होंने आदिवासी समुदाय के भीतर सामाजिक हस्तक्षेप कर विश्वास अर्जित किया, जो बाद में उनके विस्तार का आधार बना।

राजनीतिक स्तर पर भी नक्सलवाद के प्रति दृष्टिकोण समय के साथ बदलता रहा। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद पहली सरकार के मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने इसे केवल कानून-व्यवस्था की समस्या न मानकर सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से देखने की कोशिश की। हालांकि उनके इस रुख की आलोचना भी हुई। इसके बाद 2003 में भाजपा सरकार के गठन के साथ नक्सलवाद के खिलाफ सख्त नीति अपनाई गई।

2005 में शुरू हुआ सलवा जुडूम आंदोलन नक्सलवाद के खिलाफ एक बड़ा जनआंदोलन था, जिसमें स्थानीय युवाओं को विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) के रूप में शामिल किया गया। हालांकि यह आंदोलन विवादों में रहा और 2011 में उच्चतम न्यायालय ने इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया। इसी तरह 2009 के आसपास शुरू हुआ ऑपरेशन ग्रीन हंट, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाया गया एक व्यापक सैन्य अभियान था, जिसने नक्सलियों को चुनौती दी, लेकिन इसके साथ जुड़े मानवाधिकार मुद्दों ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल सैन्य कार्रवाई से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं।

इस लंबे संघर्ष के दौरान कई दर्दनाक घटनाएं सामने आईं–2010 में दंतेवाड़ा में 76 सीआरपीएफ जवानों की शहादत, 2013 में झीरम घाटी में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नन्द कुमार पटेल समेत कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के नेताओं समेत लगभग ढ़ाई दर्जन लोगो को घेर कर मारने, 2017 और 2021 में बड़े हमले, तथा 2025 में बीजापुर में आईईडी विस्फोट जैसी घटनाओं ने देश को झकझोर दिया। इन घटनाओं ने यह भी दिखाया कि नक्सलवाद केवल क्षेत्रीय समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौती है।

हाल के वर्षों में सुरक्षा रणनीति में आए बदलाव ने निर्णायक भूमिका निभाई है। दूरस्थ क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित कर प्रशासनिक पहुंच बढ़ाई गई, सड़कों और संचार व्यवस्था में सुधार हुआ, तथा बंद पड़े स्कूलों को फिर से खोला गया। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय, तथा शीर्ष नेतृत्व की सक्रियता,विशेषकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की लगातार निगरानी ने इस अभियान को गति दी है।

अब जबकि नक्सलवाद के कमजोर पड़ने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं, सबसे बड़ी चुनौती इसके बाद की स्थिति को संभालने की है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का पुनर्वास केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जोड़ना होगा। साथ ही, समाज में उनकी स्वीकार्यता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है, ताकि वे पुनः हिंसा की राह पर न लौटें।

इसके साथ ही बस्तर जैसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार का तेजी से विस्तार करना होगा। आदिवासी समुदाय को उनके वन अधिकारों का पूर्ण लाभ देना, उन्हें विकास प्रक्रिया में भागीदार बनाना और उनकी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करना भी उतना ही जरूरी है।

बस्तर आज एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है। यदि सरकार सुरक्षा, संवेदनशीलता और समावेशी विकास के संतुलन को बनाए रखते हुए आगे बढ़ती है, तो यह क्षेत्र न केवल नक्सलवाद से मुक्त होगा, बल्कि देश के विकास मानचित्र पर एक नई पहचान भी स्थापित करेगा।

***लेखक सेन्ट्रल ग्राउन्ड न्यूज (cgnews.in) के सम्पादक तथा संवाद समिति यूएनआई के छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्य प्रमुख हैं।***

---

# ईरान–अमेरिका युद्ध से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मुश्किलों से घिरे

**यूएस कांग्रेस में आ सकता है नॉनकॉन्फिडेंस मोशन**




**मिडिल-ईस्ट तनाव**

**अजय दीक्षित**

28 फरवरी को जब युद्ध शुरू हुआ था तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि ईरान इस स्तर का रिटेलियट करेगा। लेकिन युद्ध एक महीने बाद भी चल रहा है। इजरायल के कहने पर शुरू हुए इस युद्ध ने पूरी दुनिया को विशेषकर मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया को ऊर्जा जरूरतों की दृष्टि से संकट में डाल दिया है। यदिप ईरान भी बुरी तरह नष्ट हो रहा है। लेकिन यूएई, कुवैत, कतर, बहरीन, सऊदी अरब आदि देशों में भी यूएस बेस पर तथा शहरी आवादी, एरोड्रम पर बहुत नुक्सान हुआ है। लेकिन अब डॉनल्ड ट्रंप अपने घर पर राजनीत में उलझ गए हैं। डेमोक्रेटिक पूरे मामले को कांग्रेस में करना चाहते हैं और रिचर्ड निक्सन जैसा करना चाहते हैं क्योंकि वाटरगेट कांड 1972 के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, तुलसी गैबार्ड, सहित ट्रंप के साथी अब इस युद्ध के खिलाफ है।तुलसी गैबार्ड ने कहा है कि 17 लाख करोड़ रुपए अब तक युद्ध में खर्च हो चुके हैं और पेंटागन 200 बिलियन डॉलर की मांग कर रहा है। तुलसी गैबार्ड अमेरकन सरकार की इंटेलीजेंस प्रमुख है।

दूसरी ओर ईरान ने पूरी दुनिया का 20 परसेंट तेल टैंकरों को हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में रोक दिया है।केवल चाइना, भारत, के तेल टैंकरों, गैस टैंकरों को हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र से गुजरने की परमीशन है।

डॉनल्ड ट्रंप बार बार अपील कर रहे है कि नाटो देश अपनी समुद्री जहाज, सेना हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र को खुलवाने में मदद करे लेकिन इटली फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटिश ने साफ इनकार कर दिया है।स्पेन ने तो युद्ध को पाप बताया है। इजरायल मौके का फायदा उठा कर ईरान के प्रॉक्सी ग्रुप हिज्बुल्लाह, हमास, बेरुत, लेबनान पर हमला कर खासा नुक़सान पहुंचा दिया है।रूस और चाइना ईरान को मदद कर रहे हैं। ईरान ने अब तक मिसाइल वह भी बहुतायत में इजरायल और यूएस बेस पर हमला कर पूरे विश्व के देशों को चौंका दिया है।

आज से 4 दिन पूर्व अमेरिका ने पाकिस्तान, तुर्की के माध्यम से 15 विंदु वाली शर्त रखी कि ईरान समर्पण करदे मगर ईरान ने सब शर्तों की बात छोड़ो अपनी तीन शर्ते रखी दी और कहा कि युद्ध में नुक्सान का खर्चा अमेरिका दे, परमाणु हथियारों का कार्यक्रम जारी रखा जाएगा ।

अब तो ईरान अड़ गया है और डॉनल्ड ट्रंप युद्ध से सम्मानजनक एग्जिट चाहते हैं इसी लिए उन्होंने अपनी समय सीमा 6 अप्रैल तक बड़ा दी है। डॉनल्ड ट्रंप अब अपने देश की राजनीत से परेशान है।उनका लोकप्रिय सेंसेक्स 30 परसेंट पर आ गया।जबकि 27 फरवरी को 63 परसेंट पर था । यूएस कांग्रेस ने युद्ध पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। यद्यपि यूएस प्रेसिडेंट कांग्रेस की बात मांगने के बाध्य नहीं है लेकिन वित्त विभाग कांग्रेस के अधीन है। उल्लेखनीय है कि ईरान में 28 फरवरी के हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमानी सहित 43 लोग मार दिया। अब ईरान की सेना प्रमुख लार्जियानी मारे गए। अब मोजतफा खुमानी सर्वोच्च नेता है ।ईरान में अब तक 3000 लोग मारे गए। यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने अब यूक्रेन रूस युद्ध पर हस्तक्षेप कर ने का नैतिक अधिकार खो दिया है।

---

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सोचे हुए काम खुद के दम पर पूरे कर सकते हैं। कई मामलों पर आपके पास कुछ नए और बेहतरीन सुझाव होंगे। अपनी मधुर वाणी और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण सहकर्मियों से काम पूरा करवा लेंगे।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। कॉलेज में आज आपकी गुड एक्टीविटी की वजह से टीचर्स आपसे खुश रहेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लकड़ी का फर्नीचर खरीदने की सोच रहे है तो खरीद लीजिये।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों मे ही दिन व्यतीत हो जाएगा। आज आपका भाग्य आपका साथ देगा कार्य स्थल पर प्रमोशन या प्रशंसा मिलने के आसार हैं, व्यापार में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं।

**कर्क:** आज आजका दिन आपके लिए शुभ है। आज किये गये कार्यों के दूरगामी परिणाम होंगे। आज आपको ऐसा लगेगा जैसे सब कुछ आपके मन मुताबिक हो रहा इस कारण मन प्रसन्नचित्त हो जायेगा। आज ब्यर्थ के चर्चा में पड़ने से दूर रहे ,अन्यथा आपका कीमती वक्त जाया होगा।

**सिंह:** आज के दिन आस्था और आध्यत्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर भागवत दर्शन के लिए जा सकते है,इससे पारिवारिक कलेश दूर होगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो कार्य अवश्य ही सफल हो जायेगा।

**कन्या:** इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। प्रतियोगी छात्रों को कम्पटेटिव एग्जाम में सफल होने के शुभ समाचार मिल सकते है। काम में प्रेसर के चलते आज आपको अधिक भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है।

**तुला:** आज काम के प्रति आपकी एकाग्रता बढ़ेगी। किसी जरूरी काम को प्री-प्लानिंग करके करेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जाएगा। परिवार में आज किसी सदस्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा कि आज आप गुस्से पर कंट्रोल रखें। इस राशि के आविवाहित लोगों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्त रहने वाला है। आज आपको सोसाईटी के किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आज नए लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा।

**धनु:** आज के दिन आप किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें। आज आप आज ऑफिस के जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो सकारात्मक तरीके से पूरे होंगे। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा साथ ही सहकर्मी काम निकलवाने के लिए आपको प्रलोभन दे सकते हैं।

**मकर:** आज के दिन आपको काफी एक्टिव और एनर्जेटिक रहेंगे। आपकी कर्ताव्यशीलता के कारण आज आपको ऑफिस में काफी देर तक काम करना पड़े। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट अपनाने से बचें।

**कुम्भ:** आज किसी धार्मिक कार्य में सहयोग करने से नौकरी में तरक्की होगी। ऑफिस में हर काम बारीकी से निपटाने की कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे कुछ सीख सकते हैं ऐसे ही आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं।

**मीन:** आज आपने आपको भाग्यशाली महसूस करेंगे। आपको आज पैतृक जिम्मेदारी सौंपीं जा सकती है। बिजनेस के सिलसिले में आज विदेश यात्रा करनी पड़ेगी। घूमने-फिरने और मनोरंजन में समय बीतेगा। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। छोटे भाई बहनों की ओर से आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं।

---

# ऊर्जा संकट की स्थिति लेकिन भारत तैयार

**समसामयिक**

**सुनील कुमार महला**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विश्व के कई हिस्सों में पिछले कुछ समय से तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे ऊर्जा संकट की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। ऐसे समय में यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, असीमित नहीं। इसलिए उनका उपयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें अनावश्यक रूप से बर्बाद करने का अधिकार किसी को नहीं है।

इसी संदर्भ में भारत सरकार ने 26 मार्च 2026 (गुरुवार) को यह स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक और दुष्प्रचारपूर्ण खबरों पर ध्यान न दें, क्योंकि इनका उद्देश्य केवल भय और घबराहट पैदा करना है।पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें वर्तमान में लगभग 60 दिनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस भंडार में कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद तथा भूमिगत रणनीतिक भंडारण शामिल हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि मध्य-पूर्व संकट के 27वें दिन तक देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार के अनुसार, हर नागरिक के लिए लगभग दो महीने तक निरंतर ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। इसके अतिरिक्त, सरकार ने अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद पहले से ही सुनिश्चित कर ली है। इतना ही नहीं, मीडिया के हवाले से यह भी खबरें आईं हैं कि सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटा दी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पेट्रोल-डीजल पर ?10 की कटौती की गई है, इससे फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। यह अच्छी बात है कि केंद्र सरकार ने तेल कंपनियों और आम जनता को राहत देते हुए पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए कर दिया गया है तथा डीजल पर यह ड्यूटी पूरी तरह खत्म यानी जीरो कर दी गई है। बहरहाल, जहां कुछ देशों में ईंधन की कीमतों में वृद्धि, राशनिंग और पेट्रोल पंपों के बंद होने जैसी स्थिति देखने को मिल रही है, वहीं भारत में ऐसी कोई स्थिति नहीं है और किसी आपातकालीन कदम की आवश्यकता भी नहीं पड़ी है।बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि संकट की इस घड़ी में समाज की वास्तविक परीक्षा एकजुटता और जिम्मेदारी में निहित होती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कोई बड़ा संकट आता है-चाहे वह महामारी हो, प्राकृतिक आपदा या आर्थिक मंदी-तब केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि प्रशासन और व्यापारिक वर्ग की जिम्मेदारी भी कई गुना बढ़ जाती है।




वास्तव में, हमें यह समझना होगा कि वास्तविक शक्ति संसाधनों को जमा करने में नहीं, बल्कि उन्हें जरूरतमंदों तक सही तरीके से पहुंचाने में है। कालाबाजारी भले ही अल्पकालिक लाभ दे, लेकिन यह समाज के विश्वास और नैतिक आधार को कमजोर करती है। इसके विपरीत, यदि व्यापारी, उद्योगपति, प्रशासन और आम नागरिक मिलकर ईमानदारी, पारदर्शिता और सहयोग का मार्ग अपनाएं, तो किसी भी संकट के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

दुर्भाग्यवश, ऐसे समय में कालाबाजारी और मुनाफाखोरी जैसी प्रवृत्तियां भी उभरती हैं, जो कृत्रिम कमी पैदा कर आम लोगों की कठिनाइयों को और बढ़ा देती हैं। वास्तव में,कालाबाजारी और मुनाफाखोरी समाज की आर्थिक व्यवस्था को भीतर से खोखला कर देती है।यह न केवल आम जनता की जेब पर बोझ डालती है, बल्कि विश्वास की नींव को भी कमजोर करती है। आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ाना नैतिक और कानूनी दोनों रूप से गलत है।सच तो यह है कि ऐसे समय में गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में सरकार को सख्त कानून और प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू करनी चाहिए।साथ ही, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई से ही इसका सही समाधान संभव है।

जनता को भी जागरूक रहकर ऐसे कृत्यों का विरोध करना चाहिए।ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ व्यापार करना ही स्वस्थ समाज की पहचान है। वास्तव में, हमें यह समझना होगा कि वास्तविक शक्ति संसाधनों को जमा करने में नहीं, बल्कि उन्हें जरूरतमंदों तक सही तरीके से पहुंचाने में है। कालाबाजारी भले ही अल्पकालिक लाभ दे, लेकिन यह समाज के विश्वास और नैतिक आधार को कमजोर करती है। इसके विपरीत, यदि व्यापारी, उद्योगपति, प्रशासन और आम नागरिक मिलकर ईमानदारी, पारदर्शिता और सहयोग का मार्ग अपनाएं, तो किसी भी संकट के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अंततः, यही समय है जब हमें यह सिद्ध करना होगा कि हमारी सभ्यता स्वार्थ पर नहीं, बल्कि एकता, संवेदना और सहभागिता जैसे मूल्यों पर आधारित है। यही भावना न केवल संकट से उबरने में सहायक होती है, बल्कि एक मजबूत और सुदृढ़ राष्ट्र की नींव भी रखती है।

***लेखक फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार है।***

---

## शब्द–सामर्थ्य 358

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 357 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सु–दोकू 358

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू–दोकू क्र.357 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# डोंगरगढ़ महाविद्यालय में एक दिवसीय पक्षी प्रशिक्षण में 22 से अधिक प्रजातियों के बारे में जाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 30 मार्च।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 27 मार्च 2026, शुक्रवार को एम.एस.सी. प्राणीशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त नियमित छात्र-छात्राओं हेतु अतावी कालेज कैम्पस अंतर्गत बर्ड वाल्क एक दिवसीय पक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती, विज्ञान संकायाध्यक्ष श्री अविनाश सिंह के मागदर्शन एवं प्राणीशास्त्र विभाग के प्राध्यापकों के नेतृत्व में किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय पक्षियों की पहचान, उनके प्राकृतिक आवास तथा संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पक्षी विशेषज्ञ श्री प्रतीक ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में पक्षियों के प्राकृतिक आवास, उनके संरक्षण की आवश्यकता तथा हमारे आसपास पाए जाने वाले विभिन्न पक्षियों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैव विविधता के संरक्षण में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय परिसर में पक्षी अवलोकन भी कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने लगभग 22 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों को देखा एवं उनकी पहचान की। इस दौरान स्पॉटेड डव, रॉबिन, सनबर्ड, बुलबुल, ब्लैक ड्रोंगो, इंडियन ब्रेस्टेड प्रजातियां, बी-ईटर, कॉमन मैना, स्पैरो आदि प्रमुख पक्षी देखे गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती, प्राणीशास्त्र विभाग से अतिथि व्याख्याता डॉ. गोकुल प्रसाद, डॉ. राकेश कुमार धृतलहरे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पक्षियों से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और उन्हें प्रकृति के साथ जुड़ने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## एक नजर

### जगदलपुर एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उड़ानों का नया शेड्यूल जारी




**जगदलपुर, 30 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर संभाग मुख्यालय के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर से संचालित होने वाली उड़ानों का नया शेड्यूल जारी कर दिया गया है। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार इंडिगो की फ्लाइट बुधवार, शनिवार और रविवार को हैदराबाद से जगदलपुर पहुंचेगी। यह फ्लाइट दोपहर 3.55 बजे जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी और वापसी में 3.35 बजे हैदराबाद के लिए रवाना होगी। वहीं सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को भी इंडिगो की एक अन्य उड़ान संचालित होगी, जो दोपहर 3.55 बजे जगदलपुर पहुंचेगी और 4.25 बजे हैदराबाद के लिए उड़ान भरेगी। एलायंस इंडिया की फ्लाइट मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को हैदराबाद से सुबह 9.10 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। यह फ्लाइट 9.35 बजे रायपुर के लिए रवाना होगी। वहीं दोपहर में रायपुर से लौटकर यही विमान 3.20 बजे जगदलपुर पहुंचकर 3.45 बजे हैदराबाद के लिए उड़ान भरेगा। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर के अधिकारी विदेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस नए शेड्यूल से बस्तर क्षेत्र के यात्रियों को हैदराबाद और रायपुर जैसे प्रमुख शहरों में आवागमन के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, साथ ही बड़े शहरों के लिए कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। जिसका इंतजार स्थानीय लोग लम्बे समय से कर रहे थे। व्यवसाय, शिक्षा और चिकित्सा के लिए यात्रा करने वाले लोगों को इससे काफी लाभ होगा।

### एलपीजी, डीजल एवं पेट्रोल जैसे आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति एवं निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कांकेर, 30 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति को देखते हुए जिले में एलपीजी, डीजल, पेट्रोल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की नियमित निगरानी एवं आपूर्ति, वितरण व्यवस्था पर सतत मॉनिटरिंग के लिए खाद्य विभाग द्वारा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 94061-51931 तथा टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। उक्त नंबर पर जिले के नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। मॉनिटरिंग के लिए सहायक खाद्य अधिकारी श्री जन्मेजय नायक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड स्तर पर भी मॉनिटरिंग समिति गठित की गई है, जिसमें तहसीलदार, सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों को शामिल किया गया है जो आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी रखेंगे।

### ट्रांसजेंडर समुदाय ने प्रेस वार्ता में कहा

# नया कानून तृतीय लिंग समुदाय के पहचान के अधिकारों का करता है हनन

- स्वपहचान की मान्यता और परिभाषा को सुधारने की रखी मांग
- न्याय के लिए जाएंगे न्यायपालिका स्प्रेशाला मैदान से 4 बजे निकलेगी विरोध रैली



**रायपुर 30 मार्च।** ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा संसद भवन के दोनों सदनों में पारित उभयलिंगी व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 के विरोध में 30 मार्च 2026 को रायपुर प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। किया। इस प्रेस वार्ता में समिति के पदाधिकारियों के अलावा सामुदायिक लीडर भी सम्मिलित हुए। इस प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर परिषद के पूर्व जोन की सदस्य विद्या राजपूत ने बताया कि यह नया कानून पूरे तृतीय लिंग समुदाय के पहचान के अधिकारों का हनन करता है। इस कानून के अंतर्गत केवल कुछ सीमित वर्गों को ही शामिल किया गया है, जबकि ट्रांसमेन और ट्रांसवूमेन, नानबायनरी व जेंडर क्वीर समुदाय के समूह को निकाल दिया गया है। इस कानून में पूरे ट्रांसजेंडर समुदाय को एक अपराधी के रुप में प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार इस कानून के धारा 18 को इस प्रकार बनाया गया है कि जिससे कोई भी व्यक्ति किसी भी किन्नर गुरु व उनके परिवार वालों को झूठे मुकदमे में फंसा सकता है। उन्होनें बताया कि इस कानून में संशोधन लाने के लिए समुदाय के व्यक्तियों के साथ किसी भी तरह का परामर्श नहीं किया गया। विद्या राजपूत ने प्रेसवार्ता के माध्यम से केन्द्र सरकार को तत्काल इस कानून को रद्द करने की मांग की है। विद्या राजपूत ने प्रस्तावित कानून में मेडिकल बोर्ड के गठन के प्रावधान पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, किसी भी व्यक्ति की जेंडर पहचान को तय करने के लिए मेडिकल बोर्ड बनाना पूरी तरह से असंवैधानिक और अमानवीय है। जेंडर पहचान कोई बीमारी नहीं है, जिसे डॉक्टरों के पैनल द्वारा प्रमाणित किया जाए। यह हर व्यक्ति का मौलिक और व्यक्तिगत अधिकार है, जिसे वह स्वयं निर्धारित करता है।÷ उन्होंने बताया कि यह प्रावधान ट्रांसजेंडर समुदाय को फिर से उसी अपमानजनक प्रक्रिया में धकेलता है, जहां उनकी पहचान पर सवाल उठाए जाते हैं और उन्हें 'साबित' करने के लिए मजबूर किया जाता है। यह न केवल उनकी गरिमा का उल्लंघन है. बल्कि उनके निजता के अधिकार पर भी सीधा हमला है।

### भाजपा का इतिहास संघर्षपूर्ण लेकिन गौरवशाली: अशोक बजाज



**रायपुर 30 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भाजपा आज दुनिया की नंबर 1 पार्टी यूं ही नहीं बन गई, इसे शून्य से शिखर तक पहुंचाने में लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टाड़ा में आयोजित मंडल स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर कहा कि 1951 से लेकर आज तक कार्यकर्ताओं के संघर्ष की लंबी गाथा है। भाजपा ने कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना किया लेकिन कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास संघर्षपूर्ण लेकिन गौरवशाली है। श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार तेजी से देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है, अंत्योदय का प्रयास तेजी से हो रहा है। पूरी दुनिया भारत के विकास से चकित है।

# यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न मार्गों पर लगाई रेडियम पट्टी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 30 मार्च।** निगम क्षेत्र अंर्तगत शहर की सड़कों पर रात के सफर को सुरक्षित बनाने के लिए जगदलपुर यातायात पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों पर स्थित बिजली और अन्य खंभों पर रेडियम पट्टी (रिफ्लेक्टिव स्टिकर) लगाने का कार्य किया गया। अक्सर देखा गया है कि रात के समय या धुंध में सड़क किनारे या चौक-चौराहों पर लगे खंभे वाहन चालकों को स्पष्ट दिखाई नहीं देते। इस कारण तेज रफ्तार वाहनों के खंभों से टकराने की आशंका बनी रहती है, जो कई बार जानलेवा साबित होती है। इसी जोखिम को कम करने के लिए यातायात पुलिस ने शहर के मुख्य चौक, तिराहा और मार्गों के 'स्टार्टिंग पॉइंट्स' को चिह्नित कर वहां लगे खंभों पर चमकदार रेडियम पट्टियां चिपकाई हैं। रेडियम पट्टियों में वाहनों की लाइट पड़ते ही ये रेडियम पट्टियां दूर से चमकने लगती हैं। खंभों की स्थिति स्पष्ट होने से चालक समय रहते वाहन को नियंत्रित कर सकते हैं। यातायात पुलिस की टीम ने उन जगहों को प्राथमिकता दी है, जहां पूर्व में मोड़ या अंधेरा होने के कारण हादसे हो चुके हैं। इस पहल का उद्देश्य सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना और जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

# पूर्व विधायक ने विकसित बस्तर बनाने के लिए विशेष पैकेज व निगरानी तंत्र विकसित करने प्रेषित किया सुझाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 30 मार्च।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बस्तर से नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन के लिए निर्धारित 31 मार्च 2026 की समय-सीमा से पूर्व मिली ऐतिहासिक सफलता पर जगदलपुर विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि, दशकों के खूनी संघर्ष के बाद बस्तर अब शांति और प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्होने पत्र के माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट करते हुए, बस्तर की सामाजिक स्थिरता और सर्वांगीण विकास हेतु अपना विजन और सुझाव प्रेषित किया है। नक्सलवाद के अंत को पूर्व विधायक बाफना ने एक पड़ाव मानते हुए कहा है कि असली लक्ष्य एक ऐसा 'समृद्ध बस्तर' बनाना है जहां हर वर्ग का व्यक्ति बिना किसी डर और भेदभाव के प्रगति कर सके। इसलिए पूर्व विधायक बाफना ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नक्सल मुक्त बस्तर को अब 'समरस और विकसित बस्तर' बनाने हेतु विशेष पैकेज और निगरानी तंत्र विकसित करने की मांग की है।

पूर्व विधायक बाफना ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस से ही बस्तर में नक्सल हिंसा का दौर थमा है। शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति और विकासपरक दृष्टिकोण ने आदिवासियों के मन में सुरक्षा और विश्वास का नया संचार किया है। इसके लिए संपूर्ण बस्तर अंचल गृहमंत्री अमित शाह तथा सुरक्षा बलों का हृदय से ऋणी है।उन्होने कहा है कि बस्तर एक बहु-सांस्कृतिक अंचल है, जहां आदिवासी समाज के साथ-साथ विभिन्न वर्गों के लोग सदियों से निवास कर रहे हैं। नक्सलवाद की समाप्ति के बाद किसी भी प्रकार के 'वर्ग संघर्ष' की स्थिति को रोकने के लिए विशेष सतर्कता और प्रयासों की आवश्यकता है। इसके लिए ग्राम और जिला स्तर पर 'शांति एवं संवाद समितियों' का गठन हो, जिसमें सभी समाज प्रमुखों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। भूमि, संसाधनों और अधिकारों को लेकर होने वाले संभावित छोटे विवादों को आपसी बातचीत और कानूनी जागरूकता से सुलझाने के लिए एक पारदर्शी तंत्र बनाया जाए। वनाधिकारों और संवैधानिक प्रावधानों का पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, जिससे किसी भी वर्ग में असुरक्षा की भावना पैदा न हो।

# गुरु बालकदास का जीवन त्याग,संघर्ष,सामाजिक न्याय और मानव सेवा का अव्दितीय उदाहरण:योगेश



**बेमेतरा 30 मार्च।** इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेंश्री गुरु खुशवंत साहेब जी (कैबिनेट मंत्री) सहित भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि गुरु बालकदास जी का जीवन त्याग, संघर्ष, सामाजिक न्याय और मानव सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने समाज में समानता, एकता और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि गुरु बालकदास जी ने ÷मनखे-मनखे एक समान÷ का जो संदेश दिया, वह आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने हर व्यक्ति को समान अधिकार, सम्मान और अवसर मिलने की बात कही थी। उनका जीवन हमें सिखाता है कि जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता के मार्ग पर चलना ही सच्चा धर्म है।योगेश तिवारी ने आगे कहा कि ऐसे महान संतों एवं महापुरुषों की जयंती और शहादत दिवस हमें अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं तथा समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। आज के समय में उनके विचारों को अपनाकर ही हम एक समरस, सशक्त और विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि समाज की एकता, जागरूकता और शिक्षा ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। यदि हम सभी मिलकर एकजुटता के साथ आगे बढ़ें और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलें, तो निश्चित रूप से एक मजबूत एवं आत्मनिर्भर समाज का निर्माण संभव है। योगेश तिवारी ने युवाओं से विशेष आह्वान करते हुए कहा कि वे गुरु बालकदास जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें, समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं और एक बेहतर, समरस एवं जागरूक समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में माननीय श्री ईश्वर साहू जी (विधायक, साजा विधानसभा), श्री लाभचंद बाफना जी (पूर्व विधायक, साजा), श्री दिनेश चतुर्वेदी जी (संस्थापक, भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़), श्री खेलु टंडन जी (भा. अनु. जा. मो. जिला बेमेतरा), श्री जितेन्द्र साहू जी (अध्यक्ष, जनपद पंचायत साजा), परमेश्वर वर्मा जी (सभापति, जिला पंचायत बेमेतरा),देवदास चतुर्वेदी,गज्जू बंजारे,सुरेंद्र कोशरे ,समयलाल सेनवानी,चंद्रशूभम बंजारे,मनोहर भारती,प्रेमलाल बंजारे,योगेश बारले,संतोष सेनवानी,चिंतादश बंजारे,कल्याणदश बंजारे,संदीप लहरें हेमंत बंजारे, हेमलाल चतुर्वेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# बचेली मार्ग पर अनियंत्रित कार पलटने से 8 घायल,1 गंभीर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 मार्च।** जिले के भांसी थाना क्षेत्र अंर्तगत बचेली मार्ग पर रायपुर से किरंदुल जा रही एक आर्टिका कार अनियंत्रित होकर 4-5 बार पलट गई और सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे में कार सवार 6 महीने की बच्ची सहित 8 लोग घायल हो गए हैं। जिनमें एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया है। शुरुआत तौर पर हादसे का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार हादसा बीती रात 11 बजे हुआ, कार में कुल 8 लोग सवार थे, जिनमें 3 महिलाएं, 2 पुरुष और 3 छोटे बच्चे शामिल हैं। सभी रायपुर के भाठागांव क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं, सभी पारिवारिक कार्यक्रम से किरंदुल जा रहे थे। हादसे के दौरान 6 महीने की मासूम बच्ची कार से बाहर जा गिरी और एक पेड़ में अटक गई, जिससे उसके सिर पर चोटें आई हैं। तेज आवाज सुनकर पास में ही स्थित क्रशर प्लांट के कर्मचारी और मजदूर तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी को तत्काल अपोलो अस्पताल बचेली पहुंचाया गया। घायलों में एक महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

### ग्राम आसना में नानगुर मण्डल की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित ताकि

# भाजपा की नीति, सिद्धांत, कार्यपद्धति से वाकिफ हों कार्यकर्ता : सतीश लाटिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 30 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने जिले के सभी तेरह मण्डलों में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मण्डलवार प्रशिक्षण कार्यशाला का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। आज रविवार को ग्राम आसना में नानगुर मण्डल की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी।

प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर जिला प्रभारी सतीश लाटिया ने कहा कि भाजपा की कार्यपद्धति, नीति व सिद्धांतों से कार्यकर्ता संस्कारित हो, इस उद्देश्य के साथ समूचे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने प्रशिक्षण महाअभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना के साथ कार्य करते हैं। राष्ट्र की सेवा और जनसेवा का लक्ष्य निर्धारित कर कर्मठता से कार्य करें। समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक के उत्थान की चिंता हमें करनी है। यही भाजपा व उनके देवतुल्य कार्यकर्ताओं की पहचान है।

भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने प्रारंभिक उद्बोधन दिया। डा. सुभाऊ कश्यप ने वैचारिक अधिष्ठान, प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने भाजपा की कार्यपद्धति, शेष नारायण तिवारी ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, श्रीनिवास मिश्रा ने हमारा इतिहास एवं विकास, रामाश्रय सिंह ने अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन और सोशल मीडिया,एआई,नमो एप विषय पर तेजपाल शर्मा ने विस्तृत जानकारी संबोधन में दी। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही ने किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री परीस बेसरा,जिला उपाध्यक्ष आर्येंद्र आर्य, ललिता बघेल, लखीधर बघेल, योगेन्द्र पाण्डेय, सुब्रतो विश्वास, आलोक अवस्थी, रोहित त्रिवेदी, प्रकाश झा,विपिन मालवीय, दिनेश केजी, अतुल सिम्हा, राजपाल कसेर, नरेन्द्र पाण्डेय, योगेश पाणिग्रही,मण्डल अध्यक्ष हरि मण्डावी, चंद्रकांत सेठिया,रैदू नाग, सतीश सेठिया, नीलांबर सेठिया, धरमूराम मण्डावी, राधेश्याम सेठिया, जीतेन्द्र सेठिया, मानसिंह, हरिशंकर कश्यप, जयमोहन शर्मा, राजेश ओगले,अमल बैस, योगेश सिंह ठाकुर,अभय दीक्षित,अनिमेष चौहान, के वेंकटेश्वर राव आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बाइक पुल से टकराई बाइक सवार किसान की मौत



**जगदलपुर, 30 मार्च।** जिले के नगरनार थाना क्षेत्र के गुड़ापारा निवासी एक किसान पाकलु नाग अपने खेत जा रहा था , इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल का नियंत्रण बिगड़ने से वह पुल से जा टकराया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक किसान के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।


तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव मार्ग प्रशस्त करे।
श्रीमती अर्चना कांडे समाज सेविका


तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव मार्ग प्रशस्त करे।
श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा
अध्यक्ष- जनपद पंचायत बोड़ला
रामकिंकर वर्मा
विधायक प्रतिनिधि
नंद श्रीवास
उपाध्यक्ष -जनपद पंचायत बोड़ला
विनीत-बोड़ला जनपद पंचायत एवं क्षेत्रवासी


तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव मार्ग प्रशस्त करे।
श्रद्धा मोंटेसरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल
SHRADDHA MONTESSORI SCHOOL
BHILAI
सत्य मेव जयते
श्रीमती राधा चतुर्वेदी
प्राचार्या -श्रद्धा मोंटेसरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल
ज़ोन 2, खुर्सीपार, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़


तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
श्रीमती भावना बोहरा जी
उत्कृष्ट विधायक पण्डरिया
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव मार्ग प्रशस्त करे।
राजेश्वरी महेन्द्र घृतलहरे
सदस्य
जिला पंचायत कबीरधाम
महेन्द्र घृतलहरे
जिला अध्यक्ष, अ.जा. भाजपा मोर्चा कबीरधाम
सदस्य प्र.,जिला पंचायत कबीरधाम


तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव मार्ग प्रशस्त करे।
गोपी अरोरा
प्रदेश महासचिव
छत्तीसगढ़ ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन
राजपाल अरोरा
डायरेक्टर – अरोरा स्पोर्ट्स अकादमी, वैशाली नगर
पूर्व अध्यक्ष – शासकीय कन्या शाला पालक समिति


तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
आम आदमी का अपना दैनिक अखबार निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव मार्ग प्रशस्त करे।
चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद,कवर्धा

# केन्द्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने जिले में जल संरक्षण के कार्यों का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 मार्च।** केन्द्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में परकोलेशन टैंक, इंजेक्शन वेल, बोरवेल सह रिचार्ज साफ्ट सैंड फिल्टर स्ट्रक्चर का अवलोकन किया। राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने जिले में जल संरक्षण, भूमिगत जल स्तर सुधार और सतत जल प्रबंधन हेतु किए जा रहे अभिनव कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास मॉडल के रूप में पूरे देश के लिए अच्छा उदाहरण है। राज्य मंत्री



डॉ. चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि फसल चक्र को अपनाकर कम पानी उपयोग वाली फसलों का अधिक से अधिक उपयोग करें। धान की जगह दलहन-तिलहन फसल लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पीएम-आशा योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन किसानों से खरीदी की जा रही है। जिससे किसानों को अच्छी आमदनी हो रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने जिले में निर्मित विभिन्न वॉटर रीचार्ज स्ट्रक्चर, पर्कोलेशन टैंक, रीचार्ज शाफ्ट, तालाब संरक्षण मॉडल तथा ग्राउंड वाटर मैनेजमेंट से जुड़े विस्तृत तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम लागत में उच्च गुणवत्ता के जिले के वॉटर रीचार्ज स्ट्रक्चर बड़े स्तर पर बनाए गए हैं। जिससे भूमिगत जल स्तर में सुधार दर्ज किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि जिन गांवों में रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाया गया है। वहां के बोरवेल्स की जल क्षमता दोगुनी तक बढ़ी है, जिससे ग्रामीण इलाकों में पानी की उपलब्धता लगातार बेहतर हुई है। जल पुनर्भरण की इस तकनीक से जिले में लंबे समय से खराब पड़े बोरवेल्स में पुनरू पानी आने लगा है। रीचार्ज शाफ्ट बनाकर वर्षा जल को सीधे भूमिगत धारण क्षमता वाले हिस्सों तक पहुँचाया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्षा जल और ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए अलग-अलग संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### ग्राम सोमनी में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर



**राजनांदगांव 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध प्लाटिंग एवं शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम राजनांदगांव श्री गौतम पाटिल एवं तहसीलदार राजनांदगांव श्री प्यारेलाल नाग के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम सोमनी के खसरा नंबर 182 में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग स्थल पर निर्माण किए जा रहे रोड और पुल-पुलिया को बुलडोजर से हटाया गया। इस दौरान अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण नहीं करने की हिदायत दी गई। जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई किया जा रहा है।

### वाद-विवाद कर शांति भंग करने वाले बदमाश पर धारा-170 बीएनएस के तहत की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे सतत अभियान के तारतम्य मे बदमाश 01. तेजराम साहू पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 35 वर्ष साकिन ग्राम ककरेल थाना सोमनी जिला राजनांदगांव के द्वारा वाद विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर अप्रीय घटना घटित होने के संभावना पर बदमाश के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उपेंद्र शाह, सउनि ईश्वर वैष्णव, आरक्षक बेनूराम नेताम एवं थाना सोमनी स्टाफका महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

### राजेंद्र ओझा भारतीय भाषा संवर्धन सम्मान से सम्मानित



**रायपुर 30 मार्च।** राजस्थान दिवस पर राजस्थान क्लब, रायपुर द्वारा स्थानीय वृन्दावन सभागार में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में राजेंद्र ओझा को भारतीय भाषा संवर्धन सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कैलाश रारा ने बताया कि राजेंद्र जी भारत के लगभग सभी राज्यों की प्रमुख भाषाओं के अतिरिक्त वहां बोली जाने वाली बोलियों की पुस्तकें, पत्रिकाएं, कैलेंडर आदि एकत्रित कर भाषा - बोलियों को बचाने और सहेजने के क्षेत्र में बड़ा काम कर रहे हैं। इस अवसर पर लोकेश कावडिया, गिरीश पंकज, राजकुमार राठी, अनिल द्विवेदी, डॉ. मृणालिका ओझा, राजेश जैन राही, डॉ. लक्ष्मीनारायण लाहोटी, छबिलाल सोनी जी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### विपरीत वैश्विक परिस्थितियों में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कमी कर भारत ने दिया मजबूती का संदेश

**रायपुर 30 मार्च।** विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में कमी किए जाने के निर्णय का जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत ने स्वागत करते हुए इसे आमजन को राहत देने वाला ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कदम बताया है। श्री राजपूत ने कहा कि आज जब पूरी दुनिया आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक संकटों से जूझ रही है, ऐसे समय में भारत सरकार ने अपने नागरिकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए यह साहसिक निर्णय लिया है।

## निधन

### प्रेमलता अग्रवाल

**रायपुर।** बिशनलाल अग्रवाल (राजेन्द्र गल्ला भंडार, राम सागर पारा) की पत्नी श्रीमती प्रेमलता



अग्रवाल का देवलोकगमन 28 मार्च को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट में किया गया। वे देवेन्द्र, गणेश, आशा की माता जी थी। पूरनलाल, कैलाश, राजेंद्र प्रसाद, गोपालकृष्ण, बृजमोहन अग्रवाल (सांसद एवं पूर्व मंत्री), अशोक, विजय (अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष), योगेश, यशवंत की चाचीजी थी। विवेक, करण, तन्मय की दादी जी थी।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

# भगवान महावीर के सिद्धांतों का पालन करती हुई सदभावना पदयात्रा निकली

■ दिन भर होते रहे विविध आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 मार्च।** नगर में सकल जैन श्री संघ द्वारा 27 से 31 मार्च तक महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन आज सुबह छह बजे गंज लाइन स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर से अहिंसा पदयात्रा निकली जो नगर भ्रमण करती हुई सदर बाजार से होकर जैन बगीचा पहुंचकर संपन्न हुई। महोत्सव के तहत कल 28 मार्च को तात्कालिक भाषण एवं म्यूजिकल हाऊजी के आयोजन बहुत शानदार हुआ एवं इस कार्यक्रम का दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया।आज 29 मार्च रविवार को भी दिन भर कार्यक्रम होते रहे। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।



सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्ढा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख तथा आयोजन सिमिति के संजोयक मिश्रीलाल गोलछा, सह संयोजक विजय कांकरिया, उपाध्यक्ष नरेश बैद , सचिव गौतम बाफना ,सहसचिव अतिन जैन, कोषाध्यक्ष सीए ऋषभ नाहटा, श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आयोजन से जुड़े ललित भंसाली,भावेश बैद एवं रोशन गोलछा और जीवन जैन ने बताया कि महोत्सव के तीसरे दिन 29 मार्च रविवार को सुबह 6:00 श्री दिगंबर जैन मंदिर से सद्भावना पदयात्रा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग शामिल हुए। इस यात्रा में महिलाएं एवं पुरुष नंगे पैर नगर भ्रमण करते हुए तथा भगवान महावीर के संदेशों का प्रचार प्रसार करते हुए जैन बगीचा पहुंचे। इसके बाद सुबह 8:30 बजे से समता भवन में चरित्राचार की साधना हुई जिसमें सामूहिक सामयिक सकल संघ के सदस्यों द्वारा काफ़ी बड़ी संख्या में किया गया। दोपहर 12:15 से 2:00 बजे तक वीर प्रसादम का आयोजन गुरुद्वारा चौक में हुआ तथा दोपहर 1:00 बजे से 3:00 तक वीर प्रसादम एवं शरबत वितरण का आयोजन जैन स्थानक भवन सदर बाजार में हुआ । दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में किड्स कार्निवल जो की एयरपोर्ट थीम पर आयोजित हुआ एवं 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया एवं बहुत से गिफ्ट जीते । शाम पीकेआज ही सुबह 10:00 से 11 :30 बजे तक महावीर कल्प वृक्ष जिनालय में भगवान महावीर पंचकल्याणक पूजा भी हुई 4:00 से 6:00 बजे तक महावीर वृद्धाश्रम में फल वितरण का कार्यक्रम हुआ।

महावीर जनकल्याणक महोत्सव के चौथे दिन 30 मार्च सोमवार को सुबह 6:00 जीव दया यात्रा वर्धमान स्थानक भवन सदर बाजार से प्रारंभ होगी। सुबह 8:45 से 9:45 तक नए हाल जैन बगीचे में सामूहिक नवकार जाप होगा। दोपहर 12:15 बजे तपाचार की साधना नेम भवन जैन बगीचे में होगी। दोपहर 12 : 15 बजे से 2:00 बजे तक वीर प्रसादम का आयोजन दिल्ली दरवाजा पोस्ट ऑफिस चौक के पास होगा। दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक जैन बगीचे के नए हाल में धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन होगा। शाम 7:00 बजे से जैन बगीचे में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## अवैध रूप से संचालित चिमनी भट्ठी से 10 लाख से अधिक ईट जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,30 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध ईट भट्ठा संचालन की जांच एवं कार्यवाही राजस्व की टीम द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम धमनी में अवैध रूप से संचालित चिमनी लाल ईट भट्ठी से 10 लाख 30 हजार ईट जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार पलारी के नेतृत्व में राजस्व की टीम ने ग्राम धमनी में अवैध रूप से संचालित चिमनी लाल ईट भट्ठी से 905000 पक्का ईट एवं 125000 कच्चा ईट जप्त कर ईट भट्ठा संचालक के सुपुर्द कर कार्यवाही किया गया। अवैध ईट भट्ठा संचालन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी तहसीलों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच में अनियमितता पाए जाने पर ईंटो की जब्ती एवं कार्यवाही की जा रही है।

## मढ़ी बंजारी मे चैत्र नवरात्र पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा 30 मार्च।** समीपस्थ आस्था का केंद्र माँ बंजारी धाम स्थित है आपको बता दे माँ बंजारी जमीन से उद्गम हुई है जिनकी मान्यता है की वहाँ सच्चे मन से जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से माँ से मनोकामना करते है माँ बंजारी उन सभी मनोकामनाओ को पूर्ण करते है । बंजारी माता मंदिर में नवरात्र के अवसर पर हजारों लाखो श्रद्धालु माँ बंजारी के दर्शन करने आते है । जिसमे युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा के नेतृत्व में एम.आर.एम हॉस्पिटल खरोरा ( पूर्व केंद्रीय युवा अध्यक्ष कुर्मी समाज ) के सहयोग से माँ बंजारी धाम आ रहे सभी श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बी.पी, सुगर , ब्लड टेस्ट , शर्दी , बुखार आदि बीमारियों का इलाज व निशुल्क दवाई वितरण किया गया । निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में माँ बंजारी धाम के ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री खेमनाथ नायक जी भी उपस्थित रहे साथ ही नायक जी ने भी स्वास्थ्य शिवर में अपना बी.पी शुगर टेस्ट कराए साथ ही ट्रस्ट के अमिति सदस्य रूपेंद्र कटारिया , मुरली वर्मा , नेमसीह कटरिया, आदि सदस्य उपस्थित रहे साथ ही देवेन्द्र वर्मा ( सरपंच जोता ), अनिल वर्मा युवा महामंत्री , मनीष वर्मा , शुभम पैकरा, मनीष वर्मा मोहरा , हर्ष वर्मा आदि युवा उपस्थित रहे ।

# किसान कांग्रेस राजनांदगांव की नई कार्यकारिणी घोषित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 मार्च।** छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए किसान कांग्रेस राजनांदगांव की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह सूची अखिल भारतीय स्तर से लेकर प्रदेश नेतृत्व की सहमति के बाद जारी की गई है जिससे संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया में सुखपाल सिंह खैरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान कांग्रेस), अखिलेश शुक्ला (राष्ट्रीय प्रभारी), सचिन पायलट (छत्तीसगढ़ प्रभारी), दीपक बैज (प्रदेशाध्यक्ष), चरणदास महंत (नेता प्रतिपक्ष) सहित कई वरिष्ठ नेताओं की सहमति शामिल रही। इसके साथ ही प्रदेश एवं जिला स्तर के अन्य पदाधिकारियों की अनुशंसा के आधार पर यह सूची अंतिम रूप में जारी की गई। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं किसान कांग्रेस राजनांदगांव जिलाध्यक्ष मदन साहू के हस्ताक्षर से यह सूची जारी की गई। इसकी जानकारी जिला किसान कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव द्वारा दी गई। प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्ति संरक्षक मंडल गुलाब वर्मा, बली राम साहू, पदम् कोठारी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू; प्रभारी महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव, राम साहू, मीडिया




प्रभारी गौतम वर्मा, ओमप्रकाश साहू, प्रवक्ता पुरुषोत्तम साहू, उपाध्यक्ष पूरण नेताम, पुरुषोत्तम वर्मा, जीवन साहू, मदनमोहन साहू, श्रीमती आशा मंडावी, संतोष ठाकुर, तुलादास साहू, शिशुपाल भारती, मधोदेव दास, जिला महामंत्री दशरथ ठाकुर, श्रीमती ललिता टार्जन साहू, बसंत निषाद, द्वारिका सिन्हा, पोहन साहू, भोज साहू, डॉ. भीखम साहू, मनहरण सिन्हा, हेमंत साहू, लेखचंद वर्मा, गिरधारी साहू, जिला संगठन सचिव रवि चंद्रवंशी, अखिलेश सिन्हा, कमलेश साहू, मनोज साहू, जागेश्वर साहू, कमल साहू, जितेन्द्र चुनारकर, देवलाल कंवर, श्रीमती दामिनी साहू, तेजेश्वर साहू, अनिल पंसारी, कार्यकारिणी सदस्य रामसाय उइके, चतुर सिंह, धनेन्द्र, दयाराम साहू, किशोर कुमार साहू, श्रीमती तेजू बाई साहू, पुनीत वर्मा, प्रदीप पटेल, श्रीमती कल्पना साहू, जयचंद ठाकुर (डोंगरगढ़), लालबहादुर नगर (देवलाल वर्मा), विजय साहू (घुमका), दिनेश पुराणिक (कुमरदा), पुरण साहू (राजनांदगांव), शैलेश साहू। नई कार्यकारिणी में अनुभवी और युवा दोनों वर्गों को स्थान दिया गया है।

# जनहित के मुद्दों पर भाजपा से सवाल पूछते रहेंगे: संगीता देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 मार्च।** नगर निगम की राजनीति में एक बार फिर बयानबाज़ी तेज हो गई है। कांग्रेस पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन ने भाजपा पार्षद वर्षा शरद सिन्हा के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए साफकहा है कि जनहित के मुद्दों पर सवाल उठाना उनका अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। उन्होंने दो टूक कहा कि चाहे मामला बिजली खंभों की सुरक्षा का हो, शहर में बढ़ते नशे का हो या फिर भ्रष्टाचार के आरोपों का विपक्ष हर मुद्दे पर सत्ता पक्ष से जवाब मांगता रहेगा। श्रीमती देवांगन ने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनता की समस्याओं पर विपक्ष को आत्ममंथन की सलाह देना सत्ताधारी दल को शोभा नहीं देता। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली के खंभों का मुद्दा उठाना कोई सस्ती लोकप्रियता नहीं बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर विपक्ष की आवाज सत्ता पक्ष



को चुभ रही है तो इसका सीधा मतलब है कि विकास केवल कागजों और भाषणों तक सीमित है, ज़मीन पर नहीं। श्रीमती देवांगन ने शहर के गुडाखू लाइन क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सार्वजनिक कुएं को पाटकर वहां अवैध दुकानें खड़ी की गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया इन दुकानों का किराया आखिर किसकी जेब में जा रहा है साथ ही उन्होंने संकेत दिए कि विपक्ष के पास भ्रष्टाचार से जुड़े 2-3 और बड़े मामलों की जानकारी है जिनका खुलासा जल्द किया जाएगा। कांग्रेस पार्षद ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में अफीम की अवैध खेती पर लगाम लगाने में विफलता साफ नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में धकेला जा रहा है।

## दिगंबर जैन मंदिर से भगवान 1008 महावीर स्वामी जी का शोभायात्रा निकाली



**सिमगा 30 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज सिमगा में महावीर जयंती मनाया गया सुबह 7 बजे सिमगा दिगंबर जैन मंदिर से भगवान 1008 महावीर स्वामी जी का सोभा यात्रा निकाल कर सिमगा नगर का भर्मण कराया गया तत पश्चात वापस सिमगा दिगंबर जैन मंदिर ला कर 1008 महावीर स्वामी जी की प्रतिमा को आसन में बिठा कर विदी पूर्वक अभिषेक कर पूजन पाठ किया गया इस सोभा यात्रा में सभी वर्ग के लोग भाग लिये बच्चे नवयुवक व बुजुर्ग और सभी वर्ग के जैनियों द्वारा इस सोभा यात्रा में 1008 भगवान महावीर जी की सोभा यात्रा में शामिल हो कर एकता का शंदेस दिया। महावीर जन्म कल्याणक जैन धर्म का एक बहुत महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे भगवान भगवान महावीर के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। भगवान महावीर का जन्म इस दिन हुआ था, जिन्होंने जैन धर्म को नई दिशा दी। उन्होंने अहिंसा (नॉन-वायलेंस), सत्य (ट्रुथ), अपरिग्रह (नॉन-अटैचमेंट) जैसे सिद्धांतों का प्रचार किया उनके उपदेशों ने लोगों का सत्य, शांति और आत्मसंयम का मार्ग दिखाया इसका महत्व यह दिन हमें अहिंसा और करुणा का संदेश देता है। लोग अपने जीवन में नैतिकता और सादगी अपनाने की प्रेरणा लेते हैं समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने का संदेश फैलाया जाता है जैन मंदिरों में पूजा और अभिषेक होते हैं शोभायात्रा (रैली) निकाली जाती है जरूरतमंदों को दान और सेवा दी जाती है भगवान महावीर के उपदेशों का प्रवचन किया जाता है संक्षेप में, महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव भगवान महावीर के जीवन और उनके आदर्शों को याद करने और उन्हें अपनाने के लिए मनाया जाता है।

## कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सांकरा का किया आकस्मिक निरीक्षण

# जिले में अभिनव पहल से पंचायतों में ही हो रहा राजस्व प्रकरणों का त्वरित निपटारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 मार्च।** जिले में राजस्व सेवाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी व त्वरित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज ग्राम पंचायत सांकरा का आकस्मिक आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में राजस्व प्रकरणों के संबंधित आवेदन लिए जा रहे है। जिससे अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन जैसे राजस्व प्रकरणों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही 15 दिनों के भीतर निराकृत किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे लोगों को तहसील कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। इससे नागरिकों के समय एवं श्रम की बचत हो रही है। इसके साथ ही नागरिकों को सहूलियत भी मिल रही है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण



के संबंध में गांवों में मुनादी कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने वहां उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनके राजस्व संबंधी आवेदन के निराकरण की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि पहले छोटे-छोटे कार्यों के लिए कई बार तहसील कार्यालय जाना पड़ता था, परंतु अब वही काम ग्राम पंचायत में ही निराकरण होने से काफी राहत मिली है। किसानों ने बताया कि यह बहुत अच्छी पहल है। ग्राम पंचायत में राजस्व संबंधित समस्याओं का निराकरण होने से बड़ी राहत मिलती है। किसान श्री डुलेश कुमार बंजारे ने बताया कि उन्होंने फौती नामांतरण के लिए कुछ दिन पूर्व ग्राम पंचायत में आवेदन किया था और शीघ्र उनका फौती नामांतरण हो गया। इस व्यवस्था से उनका समय, राशि और श्रम की बचत हुई है और बहुत ही पारदर्शी एवं आसानी से फौती नामांतरण हो गया है। इससे वे बहुत खुश है। कलेक्टर ने बताया कि इस अभिनव पहल से ग्राम पंचायतों में पीछले 6 माह में 1500 से ज्यादा राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसके लिए आवेदन प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर निराकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभिनव पहल से ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधित समस्याओं का निराकरण अब ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत बनकर उभर रही है। ग्राम सांकरा के किसान श्री डुलेश कुमार बंजारे ने बताया कि उन्होंने फौती नामांतरण के लिए कुछ दिवस पूर्व ही आवेदन ग्राम पंचायत में किया था। जिसके बाद निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही उनका फौती नामांतरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले कई बार तहसील जाना पड़ता था, अब एक ही जगह सब काम हो जाता है। जिससे उनका समय, श्रम की बचत के साथ पूरी पारदर्शी तरीके से निराकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि फौती नामांतरण होने से समर्थन मूल्य में फसल विक्रय करने, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, केसीसी जैसी योजनाओं का लाभ अब आसानी से मिल पाएगा।

**एक नजर**

### तेलंगाना की तरह छग में भी माता-पिता को भी मिले लाभ

**रायपुर 30 मार्च।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर तेलंगाना के समान छग में भी माता पिता की उपेक्षा करने वाले सरकारी व निजी कर्मचारियों के वेतन का 15त्न या दस हजार रू0 में जो भी कम हो काटकर माता पिता को देने हेतु विधेयक तेलांगना विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया है इसके दायरे में केवल सरकारी कर्मचारी ही नहीं बल्कि निजी क्षेत्र के कर्मचारी और विधायक, कारपोरेटर, पार्षद एवं सरपंच जैसे जनप्रतिनिधि भी शामिल है। श्री आहूजा ने कहा कि आजकल नौकरी करने वाले पुत्र, पुत्री विवाह के बाद वृध्द माता पिता को भूल जाते है उनका ध्यान नहीं रखते तथा उन्हें जीवन यापन के लिए खर्चा नहीं देते इसी कारण वृध्दाश्रमों माता पिता को रहकर अपना जीवन यापन करना पड़ता है। इस विधेयक के पास हो जाने पर वह लोगों को वृध्दाश्रम में नहीं रहना पड़ेगा । आप छ.ग. विधानसभा में इस बिल को पास कराकर वृष्द माता पिता को राहत प्रदान करेगें ऐसी हमें आशा है ।

### राजधानी में बढ़ते अपराध के खिलाफ थाने का घेराव

**रायपुर 30 मार्च।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा टिकरा पारा थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शन के दौरान शहर में बढ़ते लूट हत्या , बलात्कार , चोरी ,छेड़छाड़ की घटनाओं के लिए पुलिस प्रशासन की लापरवाही को दोषी मानते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा के विरुद्ध नारेबाजी की गई और उनसे इस्तीफे की मांग किया गया । शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने आरोप लगाया कि टिकरापारा थाने के अंतर्गत कॉलोनी के युवक अजय अग्रवाल की पारसो हत्या हुई जिसके अभियुक्त के साथ विवाद कई महीने से था और उनके बीच का विवाद टिकरापारा थाने में भी आया था लेकिन थाने की पुलिस ने लापरवाही दिखा कर मामले की गंभीरता नहीं समझी और दोनों लड़ने वाले पक्ष को अपने हाल पर छोड़ दिया जिससे बात बढ़ते बढ़ते हत्या होने तक आ गई और दो परिवार बर्बाद हो गए । पुलिस समय पर प्रकरण की गंभीरता समझती और निराकरण या प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करती तो शायद ये हत्या की घटना नहीं होती।प्रदर्शनकारियों ने प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मचारियों पर विभागीय कार्यवाही की मांग की है । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार , अवैध शराब , सूखा नशा कारोबार आदि को ऐसे प्रकरणों के लिए जिम्मेदार माना है ।

# नगर निगम की सामान्य सभा में भारी हंगामा

**रायपुर 30 मार्च।** नगर निगम में आज सामान्य सभा की बैठक शुरू होते ही सियासी पारा चढ़ गया है। बैठक की शुरुआत के साथ ही विपक्षी दल कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस पार्षदों और विधायकों ने सत्ता पक्ष को पुराने वादों पर जमकर घेरा। कांग्रेस पार्षदों ने हाथों में पोस्टर और तख्तियां ले रखी थीं, जिनमें लिखा था 2025 का वादा क्या हुआ? विपक्ष का आरोप है कि निगम प्रशासन अपने पुराने संकल्पों को पूरा करने में विफल रहा है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने निगम के भीतर और बाहर नारेबाजी की। बैठक शुरू होते ही हुए इस विरोध प्रदर्शन के कारण निगम की कार्यवाही बाधित रही। सत्ता पक्ष की ओर से जवाब देने की कोशिश की गई, लेकिन शोर-शराबे के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विपक्ष ने कहा कि जब तक जनता से



किए गए वादों पर ठोस जवाब नहीं मिलता, उनका विरोध जारी रहेगा। विपक्ष के सदस्य धरना देकर भी बैठ गए थे। काफी देर तक हंगामा चलता रहा।

## भक्त माता कर्मा के जीवन मूल्यों को अपनाने से समाज में सुख शांति की स्थापना : अंजय शुक्ला

**रायपुर 30 मार्च।** आज 28 मार्च को भक्ति माता कर्मा की 1010 वीं जयंती के अवसर पर रायपुर के ग्राम बरोदा में समारोह एवं सुलभ शौचालय (कर्मा भवन) का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम विशिष्टअतिथि के रूप में मैं उपस्थित रहे । मैंने अपने उदबोधन में साहू समाज को छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने वाला समाज बताया तथा यह भी कहा कि साहू समाज की भूमिका छत्तीसगढ़ के विकास में अति महत्वपूर्ण है । उन्होंने समाज में सुख शांति के लिए भक्त माता कर्मा के जीवन मूल्यों को अपनाने का आवाहन किया । कार्यक्रम में अंतरिक्ष सिमुलेशन मिशन के टीम लीडर के रूप में चयनित लुमेश साहू का सम्मान भी किया गया । मेरे सहित साहू समाज के पदधिकसरियों द्वारा ह्यद्धह्लद्ग-लुमेश साहू के माता पिता को बड़ौदा गांव का नाम गौरवान्वित करने के लिए बहुत बधाई दी और गांव के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक उद्धरण बताया । कार्यक्रम में ग्राम बड़ौदा के अध्यक्ष उमराव साहू, कोषाध्यक्ष अवध साहू, सचिव जगमोहन साहू, उपाध्यक्ष अश्वनी साहू, समाज सेवक मन्नू साहू गांव के साहू समाज की महिला पदाधिकारी अध्यक्ष श्रीमती शांति साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती रेवती साहू, सचिव श्रीमती गीतांजली साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती रुखमणी साहू, सहसचिव श्रीमती केसरी साहू, पार प्रमुख



एवं वरिष्ठ सलाहकार-सुखीराम, निरंजन लाल साहू श्यामस्तन, कृष्णकुमार, घनाराम, जगत राम, बिसौहा राम, बलदाऊ साहू तथा ग्राम साहू समाज संरक्षक भगवती साहू, भगत राम साहू श्रीमती परागबती, श्रीमती पार्वती, श्रीमती गंगाबाई, श्रीमती सोनिया साहू श्रीमती कौशिल्या, श्रीमती यशोदा साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहें ।

### कांग्रेस पर नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव का पलटवार

# कांग्रेस को पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर कम कर देने से आम जनता को मिलने वाला फायदा समझ नहीं आ रहा

**रायपुर 30 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि भारत सरकार के द्वारा पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क पर तत्काल प्रभाव से 10 प्रति लीटर की कमी कर देने के निर्णय पर सवाल उठाने पर कांग्रेस के नेताओं की बुद्धि पर तरस आता है.उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता भी काफी अनुभवी है, लेकिन लगता है कि यहां अभी विपक्ष में रहने की वजह से उनकी बुद्धि इतनी संकीर्ण हो गई है कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि इन आवश्यक वस्तुओ पर उत्पाद शुल्क में कमी कर देने से सिर्फ कंपनियों को ही फायदा नहीं होगा बल्कि इसका आम उपभोक्ताओं को भी फायदा मिलेगा.उन्होंने कहा को कि कांग्रेस को राजनीति करनी है, यह अच्छी बात है लेकिन उसे कम से कम मुद्दों को तो अच्छे से समझ लेना चाहिए.

संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस वेस्ट एशिया के संकट के समय देश में,राजनीति करने



का अवसर खोज रही है, लेकिन दुर्भाग्य कि उसे इसमें भी कुछ नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा कि अभी अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में पूरी दुनिया में बढ़ोतरी हो रही है.पेट्रोलियम पदार्थों के दाम सिर्फ 25 दिनों के भीतर 100त्न तक बढ़ गए हैं. कच्चे तेल की कीमत पिछले 1 महीने में लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 122 डॉलर प्रति बैरल हो गई है.इसमें अभी भी और बढ़ोतरी क्या शंकर बनी हुई है. ऐसे में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पेट्रोलियम कंपनियों तथा आम उपभोक्ता को राहत देने उत्पाद शुल्क में कमी की है. अब कांग्रेस के नेताओं को यह क्यों नहीं समझ में आ रहा है यह चिंता की बात है.

उन्होंने कांग्रेस पर आक्रामक तरीके से हमला करते हुए कहा कि कम से कम छत्तीसगढ़ राज्य में तो कांग्रेस के पास कोई मजा नहीं रह गया है कि वह आम जनता को प्रभावित करने राजनीति कर सके. अब पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क में कटौती की गई है तो कांग्रेस उसमें राजनीति करने की कोशिश कर रही है,लेकिन आम जनता को वास्तविकता मालूम है. और कांग्रेस यहां भी फेल हो जा रही है. उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान के कारण चार सप्ताह से भी कम समय में कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 75 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। लेकिन पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पादन शुल्क में कमी कर देने से उसके चिल्हर पंप मूल्यों में कोई बदलाव नहीं होगा।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकारी खजाने पर बोझ डालने का निर्णय लिया, जिसे आम जनता को फायदा मिलेगा। डीजल पेट्रोल के दामों में फिलहाल बढ़ोतरी ही नहीं होगी । यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में हुई तीव्र वृद्धि के बाद लिया गया है, जो पिछले एक महीने में लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 122 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश में वैश्विक ऊर्जा स्थिति पर निरंतर दृष्टि रखे हुए है और भारतीय उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति स्थिरता और मूल्य संरक्षण बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

### विश्व नवकार दिवस पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में होगा 21 लाख नवकार महामंत्र का जाप

**रायपुर 30 मार्च।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में विश्व नवकार दिवस 9 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से नवकार महामंत्र का जाप किया जावेगा । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि विश्व में युद्ध की आग भड़की हुई है ऐसे समय में नवकार महामंत्र के नव पदों के उच्चारण की ध्वनि तरंगों से विश्व शांति , अहिंसा , जीव दया के वातावरण का निर्माण होगा । पूरे भैरव सोसायटी , दावड़ा , वालफोर्ड , जैनम , आम्रपाली व आसपास के सभी जैन भाई बहनों से आग्रह है कि मंदिर जी में आकर अथवा अपने घरों में 8 बजे से नवकार महामंत्र का उच्चारण पूर्वक जाप करें । भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जन्मकल्याणक पखवाड़े के तहत मूक पशु पक्षियों की सेवा व मानव सेवा के प्रकल्प हो रहे हैं , ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि चमत्कारी श्री जिन कुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में 12 अप्रैल को ध्वजा महोत्सव होगा इस निमित्त सेवा पखवाड़े का आरम्भ हुआ इस अवसर पर श्री विनय मित्र मण्डल के सहयोग से 51 जयपुर पैर वितरण किया जाना तय किया गया है , मूक पशु पक्षियों की सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ चंपालाल गुंदेचा के मार्गदर्शन में किया गया । अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि अहिंसा सेवा करुणा ही जैन धर्म का मूलमंत्र है । भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो उपदेश पर चलकर ही विश्वशांति सम्भव है ।





तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
ग्राम पंचायत संमतारा, जनपद पंचायत -नरहरपुर जिला कांकेर
श्रीमती मंजू नेताम — सरपंच
श्री छबीलाल मरकाम — उपसरपंच
बलिराम भास्कर — सचिव
पंचगण-श्री नंद कुमार प्रधान, श्री राजकुमार प्रधान, श्री असम लाल नेताम, श्री दशरथ मरकाम, श्री मनसुख कश्यप, श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्रीमती ममता पटेल, श्रीमती जैनो मरकाम,श्रीमती सुशीला नेताम, श्रीमती कुंती नेताम,श्रीमती खिलेश्वरी पटेल

तरुण छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ..
ग्राम पंचायत -साल्हेभाट -जनपद पंचायत नरहरपुर जिला कांकेर



श्रीमती उर्मिला कुंजाम
सरपंच



श्री जगदेव मंडावी
उपसरपंच



श्री अनिरुद्ध जैन
सचिव

पंचगण-श्री कनेश शोरी, श्री अजय कुमार वट्टी, श्रीमती गीता रामटेके, श्रीमती गिरिजा नेताम, श्रीमती सीमा वट्टी, श्रीमती लीलाबाई शोरी, श्रीमती लक्ष्मी नेताम, श्रीमती सरस्वती कोर्राम श्रीमती यामिनी भास्कर, श्रीमती सातोबाई उयके


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26